।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 22 अंक - 139

नर्मदापुरम

शनिवार, 07 मार्च 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com


**खास बात**

*जो अपने समय का सबसे अधिक दुरुपयोग करते हैं, वे ही समय की कमी की सबसे अधिक शिकायत करते हैं।*

*-ब्रूयर*

# वर्कर्स की ट्रेनिंग के लिए स्पीकर तैयार कर रही बीजेपी: एआई, इनोवेशन के साथ कार्यकर्ताओं को संभालना भी बताया



**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

भोपाल के रवीन्द्र भवन में शुक्रवार को बीजेपी के दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ताओं की ट्रेनिंग हुई। इस ट्रेनिंग में सीएम डॉ मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल हुए।

उद्घाटन सत्र को सीएम और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया। इसके बाद बीजेपी के प्रशिक्षण महाभियान पश्चिम-मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी केसी पटेल ने प्रजेंटेशन दिया।

### इन 8 विषयों पर वक्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**वैचारिक अधिष्ठान (वैचारिक आधार):** इस विषय पर डॉ निशांत खरे और विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान ने सत्र में संबोधन दिया।

**कार्य पद्धति (कार्यकर्ता संभाल):** इस सत्र में पंकज जोशी और कांतदेव ने संबोधन दिया।

**भाजपा का इतिहास और विकास:** विधायक भगवानदास सबनानी और सांसद सुमेर सिंह सोलंकी ने इस सत्र में पार्टी के इतिहास से लेकर अब तक के सफर के बारे में बताया।

**केन्द्र सरकार की योजनाएं:** केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके और अभय प्रताप सिंह यादव ने इस सत्र में संबोधन दिया।

**कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि:** इस सत्र में एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य और राजेन्द्र सिंह ने सत्र में जानकारी दी।

**प्रदेश सरकार की उपलब्धियां:** मंत्री विश्वास सारंग और प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे ने इस सत्र में मप्र सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के कारण आए बदलावों को बताया।

### संघ की तर्ज पर तीन प्रांतों में होगा प्रशिक्षण

आरएसएस के तीन प्रांतों की संरचना के अनुसार भोपाल में आज मध्य भारत प्रांत के जिलों से करीब 600 वक्ता प्रशिक्षण में शामिल हुए। ये सभी प्रतिभागी मंडल स्तर पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर होंगे। बीजेपी का यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तर्ज पर तीन प्रांतों महाकौशल, मध्यभारत और मालवा के मुख्यालयों पर होगा।




**मध्यभारत :** 6 मार्च को भोपाल के रविन्द्र भवन में मध्यभारत प्रांत में आने वाले 25 जिलों के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हुआ। इसमें भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के 25 जिलों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री आज क्वींस ऑन द व्हील्स को करेंगे फ्लैग ऑफ



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से सुबह 9 बजे 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण को फ्लैग ऑफ करेंगे। प्रदेश के समृद्ध व ऐतिहासिक पर्यटन गंतव्यों को देश-दुनिया में प्रचारित करने के उद्देश्य से 25 महिला सुपर बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के पिछले दो संस्करणों की सफलता के बाद, महिला सशक्तिकरण, स्वतंत्रता एवं विरासत का यह 7 दिवसीय आयोजन भोपाल से खजुराहो तक लगभग 1,400 किलोमीटर लंबी बाइक ट्रेल को पूरा करेगा। सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैयराजा टी ने बताया कि एमपी टूरिज्म बोर्ड की पहल क्वींस ऑन द व्हील्स' केवल एक बाइक राइड नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, साहस और मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहर का उत्सव है। हमें गर्व है कि देशभर से आई 25 महिला सुपरबाइकर्स इस अनूठी यात्रा के माध्यम से भोपाल से खजुराहो तक प्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों का अनुभव करेंगी और उन्हें देश-दुनिया तक पहुंचाने में सहभागी बनेंगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड का उद्देश्य ऐसे नवाचारपूर्ण आयोजनों के माध्यम से प्रदेश को एक सुरक्षित, रोमांचक और विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

## चारधाम यात्रा: ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, 19 अप्रैल से खुलेंगे गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट

**देहरादून।** चारधाम यात्रा-2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज सुबह 7 बजे से शुरू हो गया है। जबकि 17 अप्रैल से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। उत्तराखंड सरकार ने यात्रा से पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उत्तराखंड सरकार की वेबसाइट रजिस्ट्रेशन डीटूरिस्टकेयर. यूके.जीओवी.इन और मोबाइल ऐप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड से कर सकते हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 19 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। 22 अप्रैल को केदारनाथ और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। श्रीहेमकुण्ड साहिब की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी। उत्तराखंड सरकार की ओर से बताया गया है कि चारधाम यात्रा 2026 में आने के लिए भारतीय श्रद्धालु अपना पंजीकरण आधार कार्ड के माध्यम से कर सकेंगे।



### मुख्यमंत्री ने किसानों को दी सौगात, सिंचाई के लिए दिन में मिलेगी बिजली

# गेहूं उत्पादक किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा भुगतान

**गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन अब 10 मार्च तक**

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक की। बैठक में सीएम ने कहा कि राज्य सरकार कृषि कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। किसानों की फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की गई है। प्रदेश के किसान उड़द लगाएं, ताकि उन्हें इस बोनस का भरपूर लाभ मिल सके और अगली फसल की तैयारी भी हो जाए। राज्य सरकार ने गेहूं उत्पादक किसानों को भी पिछले वर्षों की तरह बोनस की सौगात दी है।

इस वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इससे किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का भुगतान प्राप्त होगा। राज्य सरकार ने किसानों के हित में अपने संकल्प-पत्र में वर्ष 2028 तक 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का संकल्प लिया है। आगामी वर्षों में हम इस लक्ष्य को पूरा कर उससे भी आगे निकलेंगे। सीएम ने बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का फूड बास्केट है, जहां दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है। हमारे राज्य के किसान आगे बढ़ें और समृद्ध हों, इसके लिए सरकार निरंतर किसान हितैषी निर्णय ले रही है। कुछ स्थानों पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन में कठिनाई सामने आई है। इसे ध्यान में रखकर पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च की जा रही है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 12 लाख 4 हजार 708 किसानों ने पंजीयन करा लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली प्रदान की जाएगी, इससे रात के समय बिजली से सिंचाई के कारण होने वाले संकटों से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ की ओर से किसानों के हित में प्राप्त सुझावों पर भी राज्य सरकार विचार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा राशि बढ़ाने, जंगली जानवरों द्वारा फसल नुकसान पर मुआवजे, मंडी अधिनियम के प्रावधानों, फसल गिरदावरी, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए समय-सीमा निर्धारित करने, विद्युत प्रदाय और सिंचाई व्यवस्था जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।



### इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया में शामिल होगा बड़नगर : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई ऊंचाइयां को छू रहा है। देश में मध्यप्रदेश का विशेष महत्व है। विकास के इस कारवां को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार समाज के हर वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उज्जैन जिले का बड़नगर भी विकास में अग्रणी रहेगा। बड़नगर अब इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया का भाग बनेगा। बड़नगर पर बाबा महाकाल सहित चंबल, शिप्रा और गंभीर नदियों का भी आशीर्वाद है। मोदी ने धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन किया है। टेक्सटाइल सेक्टर के इस मेगा इंडस्ट्रियल पार्क का लाभ भी बड़नगरवासियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़नगर क्षेत्र में संचालित गौशालाओं को नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनें लेने में सहायता के उद्देश्य से स्वेच्छानुदान से अंश राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे नरवाई के निराकरण के साथ ही गौशालाओं को पर्याप्त भूसा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़नगर क्षेत्र के व्यायाम शालाओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक लाख रूपए देने की घोषणा की।



### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम जारी

# अनुज ने पहला स्थान, राजेश्वरी दूसरे व एकांश तीसरे स्थान पर

**यूपीएससी सीएसई 2025 के चमकते सितारे**




अनुज अग्निहोत्री — रावतभाटा, राजस्थान

राजेश्वरी सुवे एम — मदुरै, तमिलनाडु

एकांश ढुल — पंचकुला, हरियाणा

### इस बार 958 अभ्यर्थियों का चयन हुआ

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम जारी हो चुका है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में राजस्थान के रावतभाटा के अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि तमिलनाडु की राजेश्वरी सुवे एम दूसरे और पंचकुला के एकांश ढुल तीसरे स्थान पर रहे। इस बार कुल 958 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

राजस्थान के एक छोटे शहर से आने वाले अनुज अग्निहोत्री ने अपनी मेहनत और लगन से सिविल सेवा की तैयारी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अनुज ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह राजस्थान के रावतभाटा के रहने वाले हैं। अपनी स्कूली शिक्षा उन्होंने यहीं से पूरी की। इसके बाद, उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में पढ़ाई करते हुए एम्स जोधपुर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की।

डॉक्टर बनने के बाद उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं की ओर रुख किया और फिलहाल DANICS (दिल्ली, अंडमान और निकोबार सिविल सेवा) में प्रोबेशनर के रूप में कार्यरत हैं। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल करने वाली राजेश्वरी सुवे एम तमिलनाडु के मदुरै जिले से आती हैं।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल करने वाले एकांश ढुल पंचकुला के रहने वाले हैं। वह भाजपा नेता कृष्ण ढुल के बेटे हैं। उन्होंने पहले भी दो बार यूपीएससी परीक्षा पास की है, उनका लगातार तीसरी बार चयन हुआ है। 25 साल के एकांश ढुल ने एक बार फिर अपने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### बिहार की कुर्सी पर अब किसका होगा राज?

## नीतीश कुमार के इस्तीफे से ठीक पहले ललन सिंह ने खोल दिया बड़ा राज

**पटना ■ एजेंसी**

बिहार की राजनीति में इस वक्त जबरदस्त भूचाल आया हुआ है और हर किसी की जुबान पर बस एक ही सवाल है कि आखिर नीतीश कुमार के बाद राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन भरने और जल्द ही सीएम पद से इस्तीफा देने की खबरों के बीच अब एक बहुत बड़ा पर्दाफाश हुआ है। केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के कद्दावर नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शुक्रवार शाम सीएम आवास पर बुलाई गई एक अहम बैठक से ठीक पहले ऐसा बयान दे दिया है, जिसने विपक्ष से लेकर सत्ता पक्ष तक सभी की धड़कनें तेज कर दी हैं।

ललन सिंह ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से भारी भीड़ के बीच बातचीत करते हुए साफ शब्दों में यह बड़ा ऐलान कर दिया कि बिहार की सत्ता का अगला वारिस कौन होगा, इसका फैसला कोई और नहीं बल्कि खुद नीतीश कुमार ही करेंगे। शुक्रवार शाम को पटना के एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास पर जेडीयू विधान मंडल दल की एक बेहद महत्वपूर्ण और गुप्त बैठक बुलाई गई है, जिसमें पार्टी के सभी विधायक, एमएलसी और सांसद मौजूद हैं।



### मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच भारत की कूटनीतिक जीत!

## अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर 30 दिन की विशेष अस्थायी छूट दी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में मचे बवाल और भारत पर मंडराते संभावित तेल संकट के खतरे के बीच एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जो अमेरिका लगातार भारत पर रूसी तेल का आयात कम करने का भारी दबाव बना रहा था, उसी के ट्रेजरी विभाग ने अब एक बड़ा यू-टर्न ले लिया है।

अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की विशेष अस्थायी छूट दी है। इस अचानक लिए गए फैसले से उन रूसी तेल टैंकरों को बड़ी राहत मिली है, जो हफ्तों से समुद्र में फंसे हुए थे और जिन्हें कोई खरीदार नहीं मिल रहा था। नए अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भुगतान और बीमा को लेकर भारी अनिश्चितता पैदा हो गई थी। अमेरिकी सख्ती के चलते इन जहाजों की पोर्ट एंट्री और पैसों के लेन-देन पर बड़े सवाल खड़े हो गए थे। इसी वजह से भारतीय तेल रिफाइनरियों ने भी किनारे कर लिया था ताकि वे अनजाने में किसी अंतरराष्ट्रीय नियम या प्रतिबंध का उल्लंघन न कर बैठें। नतीजा यह हुआ कि तेल से लदे ये विशाल जहाज बीच समुद्र में ही रोक दिए गए।



## 'रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम': शाह

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।



ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और अब देश लाल आतंक को समाप्त करने के करीब पहुंच गया है।

शाह ने CISF की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह बल देश के प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा देकर आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने देश की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी प्रगति की है।

## अंतर्मना उवाच

***आज का आदमी दुहरा जीवन जी रहा है.. एकांत में शराब और समाज में पानी छानकर पी रहा है..!***

***जैसे** -- रात भर हजारों कीड़े-मकोड़े खाने वाली छिपकली, सुबह होते ही महापुरूषों की तस्वीर के पीछे छिप जाती है।*



***आज के आदमी का ऐसा ही दुहरा चरित्र हो गया है।** आदमी चित्र से नहीं, चरित्र से पूजनीय वंदनीय होता है। उसकी जीवन-चर्या, उसका हंसना-बोलना, खाना-पीना, वाणी और व्यवहार -- **यह सब उसके आचरण पर निर्भर करता है।** उत्कृष्ट आचरण व्यक्ति के व्यक्तित्व को दर्शाता है।*

***राम** ने कभी उपदेश नहीं दिया, ब्लकि आदर्श आचरण प्रस्तुत किया और स्वयं उसे जीकर दिखाया। वहीं **रावण ने** अपार ज्ञान होते हुए भी उसके अनुरूप आचरण नहीं किया। उसने सब कुछ धर्म और धर्माचरण के लिए, विपरीत काम किया। रावण की एक कमी, एक बुराई, एक खोट ने उसके सम्पूर्ण जीवन को नष्ट कर दिया। **कोरा ज्ञान पूजनीय नहीं होता, ज्ञान के तदनुरुप आचरण ही पूजनीय वंदनीय होता है।***

***आज के मनुष्य का जीवन अतीत से जुड़ा हुआ है, परंतु यदि वह अपने वर्तमान आचरण को सुधार ले, तो उसका भविष्य अवश्य उज्वल हो सकता है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध का सातवां दिन

## 1332 मौतें, 3643 सार्वजनिक संपत्तियां खाक; पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा संकट?

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर छेड़े गए युद्ध के सातवें दिन हवाई हमले काफी तेज हो गए हैं। यह सैन्य संघर्ष अब एक ऐसे आक्रामक और विनाशकारी चरण में प्रवेश कर चुका है जहां सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक संपत्तियों को भी व्यापक स्तर पर निशाना बनाया जा रहा है। आइए इस युद्ध के ताजा जमीनी हालात, आंकड़ों पर आधारित विश्लेषण, क्षेत्रीय प्रभाव और भविष्य के आउटलुक को सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं।*

*ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों पर हवाई हमलों की एक नई और भयंकर लहर शुरू हो गई है। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास और आवासीय क्षेत्रों सहित कई स्थानों पर रात भर बड़े विस्फोट हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बमबारी पहले के दिनों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र रही है। इसके अलावा, शिराज, इस्फ़हान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी भारी विस्फोटों की सूचना मिली है। शिराज के जीबाशहर इलाके में हुए एक बड़े हमले में 20 लोगों की जान चली गई और 30 अन्य घायल हो गए। गठबंधन सेनाओं ने ईरान के शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए युद्ध के एक नए चरण की शुरुआत की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर के अनुसार, बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स ने ईरान के भीतर गहराई में स्थित बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर्स को नष्ट करने के लिए दर्जनों 2,000 पाउंड के 'पेनिट्रेटर' बम गिराए हैं। ईरान में मानवीय संकट के आंकड़े चिंताजनक हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट के अनुसार, अब तक मरने वालों की कुल संख्या 1,332 के पार पहुँच गई है। सबसे दुखद यह है कि इनमें 181 बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 175 बच्चे युद्ध के पहले दिन मीनाब में एक लड़कियों के प्राथमिक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए थे।*



## ईरान ने कतर में फोड़ी अमेरिका की सबसे बड़ी 'आंख', तबाह हुआ 1.1 अरब डॉलर का सीक्रेट रडार

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के साथ सीधे महायुद्ध में उलझे ईरान ने अब एक ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया है, जिससे पेंटागन से लेकर व्हाइट हाउस तक हड़कंप मच गया है। हिंद महासागर में अमेरिका द्वारा एक ईरानी पोत को बेरहमी से डुबाने और 80 से ज्यादा लोगों की दर्दनाक मौत के बाद ईरान बदले की आग में बुरी तरह सुलग उठा। इसी बौखलाहट और बदले की भावना में ईरान ने कतर में मौजूद अमेरिका की सबसे अहम 'आंख' को ही फोड़ डाला है, जिससे पूरे मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सेना लगभग अंधी हो गई है।



## मंडल रेल प्रबंधक ने किया रानी कमलापति-अशोकनगर खंड का निरीक्षण

# बीना, सेमरखेड़ी और मूंगावली स्टेशनों पर स्वच्छता और संरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन

### अशोकनगर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास कार्यों प्रगति की गहन समीक्षा

भोपाल ■ निसं

मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी ने दिनांक 06.03.2026 को रानी कमलापति से अशोकनगर स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, ट्रैक की स्थिति, सिग्नलिंग प्रणाली, क्रॉसिंग्स एवं सेफ्टी संबंधित अवसंरचनाओं का अवलोकन किया।



सेमरखेड़ी एवं मूंगावली स्टेशन निरीक्षण के दौरान डीआरएम श्री त्यागी ने स्टेशन पर विशेष रूप से संरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म किनारे सुरक्षा संकेतों, फाटक संचालन, पॉइंट्स एवं सिग्नल इंटरलॉकिंग की स्थिति की बारीकी से जांच की। स्टेशन यार्ड एवं सिग्नलिंग के संरक्षा उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सेमरखेड़ी-गुनेरू स्टेशनों के बीच समपार फाटक संख्या 17 पर संरक्षा पहलुओं की जाँच की एवं गेटमेन से संवाद कर संरक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने अशोकनगर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेशन को यात्री सुविधा की दृष्टि से और अधिक उन्नत बनाया जाए। साथ ही सुरक्षा से संबंधित इंटरलॉकिंग सिस्टम, पॉइंट्स और क्रॉसिंग्स की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्धता, गुणवत्ता एवं यात्री हित को सर्वोपरि मानते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त बीना स्टेशन पर उन्होंने प्लेटफॉर्म विस्तार, वेटिंग हॉल, शौचालय, पेयजल सुविधा, फुट ओवर ब्रिज और अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री श्याम सिंह बरेड़िया, मंडल इंजीनियर (उत्तर) श्री श्याम नागर सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे।

## हजारों कर्मियों के घर फीका रहा त्योहार

# आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को होली पर भी नहीं मिला वेतन

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य विभाग और एनएचएम के तहत काम कर रहे हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों को होली जैसे बड़े त्योहार पर भी वेतन नहीं मिल पाया। महीनों से भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों के परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिससे इस बार कई घरों में होली का त्योहार फीका रह गया।मध्यप्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अनुसार प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में करीब 30 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी विभिन्न इकाइयों में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें करीब 70 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं, जो वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी निभा रही हैं। इसके बावजूद कई कर्मचारियों को 4 से 8 महीने तक वेतन नहीं मिला है।

**निजी एजेंसियों और ठेकेदारों की मनमानी:** संघ ने आरोप लगाया कि निजी एजेंसियों और ठेकेदारों की मनमानी के कारण कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। कई मामलों में कर्मचारियों को पूरा वेतन भी नहीं दिया जाता और कमीशनखोरी के चलते उनकी आय का बड़ा हिस्सा कट जाता है। संघ के मुताबिक कई जिलों में स्थिति बेहद गंभीर है।

**इन जिलों में नहीं मिली वेतन:** उज्जैन में 8 महीने, बैतूल में 4 महीने, सागर में 5 महीने, जबलपुर और ग्वालियर में करीब 2 महीने से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। ऐसे में कई परिवार उधार लेकर घर चला रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बच्चों की स्कूल फीस तक नहीं भर पा रहे, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

**बड़े आंदोलन की चेतावनी दी:** संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने कहा कि अस्पतालों में आउटसोर्स कर्मचारी रीढ़ की हड्डी की तरह काम कर रहे हैं और रोजाना 8 से 10 घंटे ड्यूटी दे रहे हैं। बावजूद इसके उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब वाहन ट्रांसफर करना और भी आसान

**भोपाल।** अब यदि आपका वाहन मध्य प्रदेश से किसी दूसरे राज्य में ट्रांसफर होता है, तो उसे ट्रेस करना पहले के मुकाबले कहीं अधिक आसान होगा। परिवहन विभाग ने अपने ऑनलाइन पोर्टल को नेशनल डेटाबेस के साथ अपडेट कर दिया है, जिससे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के यूनिक लेजर कोड को राष्ट्रीय स्तर पर लिंक कर दिया गया है। इस तकनीकी बदलाव के बाद वाहन की मूल जानकारी जैसे रजिस्ट्रेशन नंबर, चेसिस नंबर और मालिक का विवरण दूसरे राज्यों में भी तुरंत सत्यापित किया जा सकेगा। इससे न केवल चोरी की गाडियों को पकडने में मदद मिलेगी, बल्कि फर्जी नंबर प्लेट और डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन जैसी समस्याओं पर भी लगाम लगेगी। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस अपडेट से अंतरराज्यीय वाहन हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज और अधिक पारदर्शी होगी।

### निगम अमले ने 20 पशुओं को कांजी हाउस भेजा

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र विचरण करने वाले 20 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा व हाका पार्टी ने 25 पशुओं को सड़कों से हटाया एवं 06 घायल/बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय भेजने की कार्यवाही भी की। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देष पर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शहर के मंत्रालय, कमला पार्क, स्मार्ट रोड, प्रेमपुरा, सूरज नगर, नीलबड़, 13 शटर रोड, रतनपुर, प्रियंका नगर, 210 क्वार्टर, रोशनपुरा चौराहा, माता मंदिर, लिंक रोड नंबर 03, बिट्टन मार्केट, शाहपुरा ए सेक्टर, गुलमोहर, चूना भट्टी, कोलार, करोंद, भानपुर, अयोध्या नगर, लहारपुर, बाग मुगालिया आदि क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 20 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की। निगम की हाका पार्टी के दल ने भी विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 25 पशुओं को हांककर सड़कों से हटाया एवं 06 घायल/बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय भेजने की कार्यवाही की।

### निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर की जमकर नारेबाजी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस, बस फीस, किताबों और अन्य शुल्क वसूलने के खिलाफ अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। पालक महासंघ ने आज जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और शिक्षा माफिया के खिलाफ हल्ला बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने डीईओ ऑफिस का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। पालक महासंघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि शिक्षा माफियाओं और निजी स्कूल संचालकों के दबाव में जिला शिक्षा अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अभिभावक लगातार परेशान हैं क्योंकि स्कूल बस फीस, किताबों की कीमत और अन्य मदों में बिना किसी नियम के मनमानी वसूली कर रहे हैं।

## गांधी मेडिकल कॉलेज में रेडिएशन सुविधा ठप

# हर महीने 1500 से ज्यादा कैंसर मरीज बाहर इलाज कराने के लिए मजबूर

भोपाल ■ निसं

राजधानी भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में हर महीने 1500 से अधिक कैंसर मरीज इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन यहां रेडिएशन थेरेपी की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से उन्हें केवल ओपीडी में सलाह देकर वापस भेजना पड़ रहा है। कॉलेज की कोबाल्ट मशीन वर्षों से खराब है, ब्रेकी थेरेपी यूनिट भी बंद पड़ी है और नई डुअल एनर्जी लीनेक मशीन का ऑर्डर अब तक जारी नहीं हो पाया है।

इस कारण मरीजों को रेडिएशन के लिए एम्स या निजी कैंसर अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। स्थिति का असर मेडिकल छात्रों पर भी पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें क्लिनिकल अनुभव नहीं मिल पा रहा। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि रेडिएशन बंकर तैयार है और करीब 25 करोड़ रुपए की हाईटेक यूनिट जल्द शुरू की जाएगी।

**कोबाल्ट और ब्रेकी थेरेपी मशीन बंद:** जीएमसी में लगी पुरानी कोबाल्ट मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है और अब इसे डिकमीशन करने की तैयारी की जा रही है। वहीं ब्रेकी थेरेपी मशीन भी करीब एक साल से बंद है। इससे सर्जरी के बाद जिन मरीजों को रेडिएशन की जरूरत होती है, उन्हें अन्य अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। कॉलेज की डीन डॉ. कविता एन सिंह का कहना है कि रेडिएशन बंकर तैयार हो चुका है और जल्द ही मशीनें स्थापित की जाएंगी।

इसमें तीन मीटर मोटी कंक्रीट की दीवारें और विशेष सुरक्षा शील्डिंग लगाई गई है। जल्द ही एईआरबी की टीम निरीक्षण करेगी और अनुमति मिलने के बाद मशीन स्थापित की जाएगी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि कैंसर उपचार को बेहतर बनाने के लिए रेडिएशन बंकर तैयार कर लिया गया है। इसे एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड एईआरबी के मानकों के अनुसार को बेहतर बनाने के लिए रेडिएशन बंकर तैयार कर लिया गया है। इसे एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड एईआबी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इससे तीन मीटर मोटी कंक्रीट की दीवारें और विशेष सुरक्षा शील्डिंग लगाई गई है।




### मरीजों को एम्स या निजी अस्पताल का सहारा

रेडिएशन सुविधा न होने के कारण मरीजों के पास एम्स या निजी अस्पतालों का ही विकल्प बचता है। एम्स में पहले से मरीजों की भारी भीड़ होने के कारण लंबा इंतजार करना पड़ता है। वहीं निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर डेढ़ से दो लाख रुपए तक का अतिरिक्त खर्च आता है, जो कई परिवारों के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाता है।

### छात्रों को नहीं मिल रहा क्लिनिकल अनुभव

इस स्थिति का असर मेडिकल शिक्षा पर भी दिखाई दे रहा है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने पिछले सत्र में जीएमसी के ऑन्कोलॉजी विभाग की चारों पीजी सीटों की मान्यता रद्द कर दी थी। बाद में कॉलेज प्रशासन द्वारा नई लीनेक मशीन लगाने का आश्वासन देने पर सीटें बहाल कर दी गईं। लेकिन मशीन का ऑर्डर अब तक नहीं होने से पीजी छात्रों को रेडिएशन थेरेपी का व्यावहारिक अनुभव नहीं मिल पा रहा।

### दूसरे कॉलेजों में मशीन लेकिन जीएमसी पीछे

प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में डुअल लीनेक मशीन लगाने का प्रस्ताव था। जानकारी के अनुसार चार कॉलेजों के लिए मशीनों के ऑर्डर जारी हो चुके हैं, लेकिन गांधी मेडिकल कॉलेज के लिए अब तक ऑर्डर नहीं दिया गया है। राजधानी के सबसे बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेज में यह स्थिति चिंता का विषय मानी जा रही है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि कैंसर उपचार को बेहतर बनाने के लिए रेडिएशन बंकर तैयार कर लिया गया है। इसे एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड के मानकों के अनुसार बनाया गया है।

## ट्रेनों में अवैध सामग्री की रोकथाम हेतु भोपाल मंडल में विशेष संयुक्त अभियान



भोपाल ■ निसं

मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के निर्देशन में स्टेशनों पर अवैध वेंडिंग की रोकथाम, खानपान सामग्री की गुणवत्ता जाँच और ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ, लिनेन स्टाफ, पेंट्री/कैटरिंग स्टाफ तथा वेंडरों द्वारा अवैध रूप से शराब, गुटखा, सिगरेट आदि उपलब्ध कराने की संभावित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से भोपाल मंडल में दिनांक 02 मार्च 2026 से आगामी 15 दिनों तक विशेष संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान में वाणिज्य विभाग, मेकैनिकल विभाग तथा रेल सुरक्षा बल (RPF) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न ट्रेनों में जांच की जा रही है।

अभियान के अंतर्गत ट्रेनों में कार्यरत ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ, लिनेन स्टाफ, पेंट्री/कैटरिंग स्टाफ तथा वेंडरों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की अवैध वस्तुओं की उपलब्धता पर रोक लगाई जा सके और रेल यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं अनुशासित यात्रा वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति अथवा एजेंसी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है तो उसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से भी अपील की है कि यदि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या प्रतिबंधित वस्तुओं की बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल संबंधित रेलवे अधिकारियों अथवा रेल सुरक्षा बल को सूचित करें।

# नेता पर जमीन हड़पने का आरोप



**भोपाल।** अनिल ठाकुर भू स्वामी भोपाल आज नाइन मसाला में भूस्वामी अनिल ठाकुर बाबडिया कला निवासी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि भाजपा नेता ने दाम खेड़ा में अपनी जमीन को सत्ता एवं संगठन का दुरुपयोग करते हुए अधिकारियों से साठगांठ कर मेरी जमीन को -ओने पौने दामों में खरीदी। इस पत्रकार वार्ता में अनिल ठाकुर के द्वारा जमीन की रजिस्ट्री सहित अनेक कागजात साक्ष्य के रूप प्रस्तुत किए एवं भाजपा नेता पर जमीन परअधिकारियों से साठगांठ करने का गंभीर आरोप लगाए।

## रेल भर्ती बोर्ड भोपाल कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी कार्यशाला आयोजित

भोपाल ■ निसं

रेल भर्ती बोर्ड, भोपाल कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक दिनांक 06 मार्च 2026 को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रेल भर्ती बोर्ड की अध्यक्षा श्रीमती रश्मि दिवाकर ने की। बैठक में सर्वप्रथम मंडलीय राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अनिल कुमार सिन्हा ने समिति अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को बैठक की औपचारिक जानकारी दी। इसके पश्चात समिति उपाध्यक्ष एवं सचिव, रेल भर्ती बोर्ड, भोपाल श्री नीरज कुमार राजपूत ने अध्यक्षा श्रीमती दिवाकर का पौधा भेंट कर स्वागत किया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती रश्मि दिवाकर ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारी होने के नाते यह हम सभी का संवैधानिक दायित्व है कि हिंदी को केवल भाषा के रूप में ही नहीं बल्कि अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम के रूप में भी अपनाएं। उन्होंने कहा कि हिंदी ऐसी कड़ी है जो भारत की विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोने की क्षमता रखती है।

उन्होंने राजभाषा नियम 1976 के अनुसार कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाएं, ताकि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित समस्त जानकारी आम जनता तक उनकी भाषा में पहुंच सके और कार्यालय के कार्यों में अधिक सरलता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो। बैठक के दौरान समिति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यह संकल्प लेने का आह्वान किया गया कि वे अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे तथा हिंदी के विकास, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार में सक्रिय योगदान देंगे।

# एलएनसीटी कॉलेज में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता और एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप

भोपाल ■ निसं

राजधानी भोपाल के रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी कॉलेज परिसर में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। डीके सोशल वेलफेयर ग्रुप और एलएनसीटी कॉलेज के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कैंप में ब्रेस्ट कैंसर और एचपीवी वैक्सीनेशन से जुड़ी अहम जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लेकर स्वास्थ्य जांच और जागरूकता सत्रों का लाभ उठाया।

**महिलाओं को सिखाई गई सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन तकनीक:** शिविर के दौरान 500 से अधिक महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (एसबीई) की सही प्रक्रिया समझाई गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि यदि महिलाएं नियमित रूप से स्वयं जांच करना सीख लें तो कैंसर के शुरुआती संकेत समय रहते पकड़ में आ सकते हैं। इसके साथ ही ब्रेस्ट कैंसर के प्रमुख लक्षण, जोखिम कारक, बचाव के तरीके और समय पर जांच कराने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी वैक्सीन पर भी दिया गया विशेष जोर



कार्यक्रम में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि एचपीवी संक्रमण इस कैंसर का प्रमुख कारण है और सही उम्र में टीकाकरण कराकर इसके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने महिलाओं और अभिभावकों से अपील की कि वे एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में सही जानकारी लें और समय पर टीकाकरण कराएं।

**अनुभवी डॉक्टरों के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन:** इस सामाजिक पहल का नेतृत्व डॉ. अचिंत्य जैन (संस्थापक एवं चेयरपर्सन) और डॉ. आर्यन गर्ग (सीईओ) ने किया।

कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन अशोक राय, डॉ. अभय कुमार चौधरी (डायरेक्टर, जेके हॉस्पिटल), डॉ. प्रिया कुशवाह (कंसल्टेंट सर्जन), डॉ. संदीप सिंह (मेडिको लीगल एक्सपर्ट) और डॉ. नेहा पीएस (असिस्टेंट प्रोफेसर, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी) के निर्देशन में किया गया।

**मेडिकल स्टूडेंट्स ने निभाई अहम भूमिका:** इस स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में युवा मेडिकल वॉलंटियर्स और मेडिकल स्टूडेंट्स की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कई युवा डॉक्टरों और प्रशिक्षु चिकित्सकों ने महिलाओं को जांच प्रक्रिया समझाने, काउंसलिंग देने और जागरूकता फैलाने में सहयोग किया।

**क्यों जरूरी है ऐसे जागरूकता अभियान:** भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की जानकारी के अभाव में देर से जांच कराती हैं। डॉक्टरों का मानना है कि यदि समय रहते जांच और टीकाकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाए तो इन गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

## वन रक्षक भर्ती परीक्षा पर लगेगी रोक!

# आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं, 728 पदों में एससी के लिए एक भी पद नहीं

भोपाल ■ निसं

मध्य प्रदेश में वन रक्षकों की भर्ती परीक्षा सवालों के घेरे में है। दरअसल, इस भर्ती में अनुसूचित जाति यानी एससी वर्ग के लिए पद आरक्षित नहीं किए गए है। वन रक्षकों के लिए निकली 728 पदों पर एससी के लिए एक भी पोस्ट नहीं है। ईएसबी के विज्ञापन में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया है। जिससे भर्ती परीक्षा अटक सकती है।

दरअसल, मध्य प्रदेश स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड ने 1500 से ज्यादा पदों पर सीधी भर्ती निकाली हैं। जिनमें वनरक्षक के 728, जेल प्रहरी के 757 और असिस्टेंट जेल सुपरिटेंडेंट के लिए 25 पद शामिल है। इन पदों पर सीधी भर्ती होगी। इन पदों पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं।

वनरक्षक के लिए 728 पदों में अनारक्षित वर्ग के लिए 185, एसटी के लिए 84, ओबीसी के लिए 117 और ईडब्ल्यूएस के लिए 48 पद आरक्षित है। एससी वर्ग के लिए एक भी पद आरक्षित नहीं किया गया है।

# आयुक्त द्वारा संपूर्ण गैर मार्ग का पैदल निरीक्षण, गैर के पश्चात चलेगा विशेष सफाई अभियान

इंदौर ■ निसं



नगर में आगामी रंगपंचमी पर निकलने वाली पारंपरिक गैर यात्रा को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रात: 7:00 बजे टोरी कॉर्नर कुंड चौराहा से संपूर्ण गैर मार्ग का पैदल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त, संबंधित झोनल अधिकारी, भवन अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने गैर में सम्मिलित होने वाले वाहनों की संभावित संख्या, मार्ग की वर्तमान स्थिति तथा मार्ग में आने वाले जर्जर एवं खतरनाक भवनों/संरचनाओं का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां आवश्यकता हो वहां चेतावनी एवं सूचना बोर्ड लगाए जाएं तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आयुक्त द्वारा गैर मार्ग पर विशेष सफाई व्यवस्था, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता तथा भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक स्थानों पर बैरिकेटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गैर मार्ग की मुख्य सड़क एवं संपर्क मार्गों का अवलोकन कर आवश्यक पैच वर्क एवं मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही राजवाड़ा, गोपाल मंदिर सहित अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा तिरपाल के माध्यम से कवर किए गए कार्यों का जायजा लिया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 से 8 मार्च तक होंगे खेल, योग और जागरूकता कार्यक्रम

# नर्मदापुरम महाविद्यालय में 'फिट इंडिया वूमेन वीक' की शुरुआत, छात्राओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्शन तथा क्रीड़ा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने एवं सुश्री पूजा गोस्वामी के सहयोग से भारत सरकार के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 'फिट इंडिया वूमेन वीक' का आयोजन 6 मार्च से 8 मार्च तक किया जा रहा है।

इस अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए विभिन्न जागरूकता एवं खेल गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इनमें आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण, खेल प्रतियोगिताएं, योगाभ्यास तथा साइकलिंग फॉर हेल्थ जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग नर्मदापुरम की कराटे कोच रोशनी सोनकर द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कराया गया और संकट की स्थिति में स्वयं की सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और वे किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बनती हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गुड़ी पड़वा पर्व हेतु मातृशक्ति की बैठक संपन्न

**खंडवा।** पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के गौरवपूर्ण आयोजन भजन संध्या में इस वर्ष वृंदावन की कलाकार गायिका साध्वी पूनम दीदी अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम को सफल एवं सुचारु बनाने के लिए मातृशक्ति की एक बैठक का आयोजन श्रीगणेश गौशाला में किया गया। समिति अध्यक्ष आशीष चटकेले, सचिव भूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु रामचंद्र मोर्य, शोभा तोमर, ममता बोरसे, चारु यादव ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए सनातन की महत्ता बताई इनके साथ ही उपस्थित मातृशक्ति द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर आमंत्रण के कैलेंडर, पत्रक एवं पोस्टर का विमोचन भी किया गया एवं प्राकृतिक रंगों और फूलों की होली खेली गई एवं गौमाता को गौग्रास कराया गया ।बैठक में मातृशक्तियों द्वारा वर्षप्रतिपदा चैत्र शुक्ल एकम के दिन प्रात : 6 बजे घंटाघर पर एकत्र होकर सूर्य को सामूहिक अर्घ्य देने, अपने अपने घरों की छतों पर भगवा पताकाएँ लगाने एवं सायं आंगन में रंगोली सजाने व घरों पर दीपक लगाने का आग्रह सभी सनातनियों से किया है ।

### देहदान का संकल्प सभी दानों से महान : पं. नवल किशोरजी

**खण्डवा।** वारको सिटी में आयोजित नानी बाई के मायरे की कथा में धार्मिक वातावरण के बीच एक प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब ओंकार सिंह भिलाला ने मानव सेवा के लिए देहदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं और समाजजनों ने उनके इस निर्णय की सराहना की। कार्यक्रम में पधारे पंडित नवल किशोरजी ने देहदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में लोग विभिन्न प्रकार के दान करते हैं—कोई धन का दान करता है, कोई वस्तुओं का दान करता है—लेकिन देहदान ऐसा महान दान है, जो मानवता के लिए सबसे बड़ा और अमूल्य योगदान माना जाता है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे भी इस महान सेवा कार्य के लिए आगे आएं और देहदान व नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाएं। संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति द्वारा भागवत कथा व धार्मिक एवं बड़े आयोजनों में देहदान की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**खण्डवा।** 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के तहत खो-खो, कुश्ती एवं कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित इस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेडे, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार राय, वन मंडलाधिकारी श्री राकेश डामोर, जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन गौड़ा, पंधाना की जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा काले भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सेवादास पटेल, धर्मेंद्र बजाज सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधी मौजूद थे।

### खंडवा की लॉयर रूपल जायसवाल की यूपीएससी में 43वीं रैंक

# सिविल सेवा के लिए छोड़ा 22 लाख का पैकेज, इंटरव्यू में 'तलाक' से जुड़े सवाल का दिया उत्तर

खंडवा ■ निसं



खंडवा की रूपल जायसवाल को यूपीएससी 2025 के रिजल्ट में 43वीं रैंक मिली है। इस रैंक को हासिल कर रूपल अब आईएएस बनेंगी। उन्हें इससे पहले 2024 में 512वीं रैंक मिली थी। बता दें कि, लॉ ग्रेजुएट रूपल ने आईएएस बनने के लिए 22 लाख रुपए सालाना पैकेज की नौकरी तक छोड़ दी थी। रूपल जायसवाल का परिवार शहर के महादेवी नगर में रहता हैं। परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई हैं। उनके पिता धनंजय जायसवाल सिविल इंजीनियर और कांट्रेक्टर हैं। दैनिक भास्कर से बातचीत में रूपल ने बताया कि, उन्होंने बिना कोचिंग के, सेल्फ स्टडी, स्टैंडर्ड बुक्स और ऑनलाइन माध्यमों से तैयारी की। खास बात यह है कि, पहले अटैम्प में वह प्री एग्जाम भी क्लियर नहीं कर पाई थी। यह उनका तीसरा अटैम्प था। इस बार मेन्स एग्जाम के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी। परिवार भी चिंता में था, लेकिन साहस दिखाया और एग्जाम दी।

**तलाक और भरण-पोषण से जुड़ा सवाल महत्वपूर्ण था:** रूपल ने बताया कि, इंटरव्यू बोर्ड में पर्सनालिटी टेस्ट लिया जाता हैं। बोर्ड द्वारा तमाम तरह के सवाल पूछे जाते हैं। एजुकेशन के तौर पर मैं लॉ ग्रेजुएट थी। इसलिए मुझसे तलाक और भरण-पोषण को लेकर एक सवाल किया गया। इस सवाल का जवाब मैंने बड़ी शिद्दत से दिया।

**तलाक से जुड़ा यह सवाल पूछा गया:** सवाल था कि एक पति है, जिसकी 20 हजार करोड़ की प्रापर्टी हैं और वह अपनी पत्नी पर बिना कोई आरोप लगाए, तलाक लेना चाहता है। ऐसे में बिना किसी आरोप के वह किस आधार पर तलाक ले सकता है और पत्नी को कितना भरण-पोषण मिलेगा?

मैंने जवाब दिया कि, तलाक का आधार आपसी सहमति हो सकता है। जहां तक भरण-पोषण की बात है, वह बहुत सारे फैक्टर्स पर निर्भर करता है। पत्नी की इनकम कितनी है, क्या वह अपना भरण-पोषण कर सकती है। बच्चे कितने हैं और उनकी कस्टडी यदि पत्नी के पास है तो उन बच्चों का भरण-पोषण भी दिया जाना चाहिए।

इंटरव्यू बोर्ड ने फिर सवाल किया कि पति की इनकम का कितना पर्सेंट भरण-पोषण के रूप में पत्नी को मिलना चाहिए। इस पर मैंने जवाब दिया कि 10% तो होना चाहिए। इंटरव्यू बोर्ड ने क्रास क्वेश्चन किया कि 50% क्यों नहीं?

इस पर मैंने कहा कि, तलाक के समय भरण-पोषण का मतलब यह नहीं होता कि पति को सजा दी जाए। क्योंकि 50 प्रतिशत तो सजा की तरह होता है। उद्देश्य यह होना चाहिए कि पत्नी का भरण-पोषण हो जाए, इसलिए 10 प्रतिशत ही ठीक है।

### बाग के पक्षाल जैन की UPSC में 8वीं रैंक

**कुक्षी, धार।** धार जिले के बाग कस्बे के मेधावी छात्र पक्षाल जैन ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 8वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पक्षाल की इस सफलता से उनके परिवार और पूरे बाग कस्बे में उत्सव का माहौल है। कपड़ा व्यापारी नीलेश जैन और गृहिणी दीप्ति जैन ने बताया कि पक्षाल शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बाग से प्राप्त की और इंदौर से स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद आईआईटी कानपुर से फाइनेंस में डिग्री ली। तकनीकी शिक्षा के बाद उन्होंने देश सेवा के लक्ष्य के साथ साल 2022 में दिल्ली जाकर यूपीएससी की तैयारी शुरू की थी। पक्षाल की छोटी बहन ने उनकी सफलता के पीछे के संघर्ष को साझा करते हुए बताया कि वे दिनभर में मात्र 5 घंटे की नींद लेते थे। शेष सारा समय वे लाइब्रेरी में पढ़ाई करते हुए व्यतीत करते थे।

# इंदौर जिले की 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित

### ऑनलाइन टेंडर आज दोपहर 2 बजे तक

इंदौर ■ निसं



वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि अर्थात (दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि) के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 18 मदिरा समूह (जिनका वार्षिक मूल्य रूपयें 7,85,12,23,135/-) क्रमशः एम.आर.-9, चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा (एमआर.-10), द्वारकापुरी, राऊ, कनाडिया बायपास चौराहा, मांगलिया, खण्डवा नाका, ड्रीमलैण्ड चौराहा, महू, पलसीकर कालोनी, तेजाजी नगर चौराहा, अंजनी नगर, चिमनबाग, देपालपुर, रेवती, छावनी, कंपेल, जवाहर मार्ग, रंगवासा (तह. देपालपुर) में सम्मिलित 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन बैच-3 प्रथम चरण में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय 06 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से 07 मार्च 2026 को दोपहर 02 बजे तक है, तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय 07 मार्च 2026 को दोपहर 02.05 बजे से उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगा। प्रत्येक समूह ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य 30,000/-(तीस हजार) होगा।

उक्त के संबंध मे इच्छुक आवेदक अवकाश के दिनों सहित जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, कक्ष क्रमांक 209 कलेक्ट्रोरेट परिसर, इंदौर से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# एनटीपीसी खरगोन में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



खरगोन ■ निसं

एनटीपीसी खरगोन में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम Engage, Educate & Empower People to Enhance Safety' के अंतर्गत पूरे सप्ताह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वकर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहाँ सभी कर्मचारियों और श्रमिकों की सुरक्षा एवं कुशलता के लिए प्रार्थना की गई। इसके पश्चात श्री मोहन वी., बीयूएच, एनटीपीसी खरगोन द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया, जो संगठन की सुरक्षित और जिम्मेदार संचालन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर श्री मोहन वी. तथा श्री गोल्ला राजा शेखर, जीएम (ओ एंड एम) ने उपस्थित कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई, जिससे कार्यस्थल पर उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में श्री अमित कुमार, जीएम (मेंटेनेंस) भी उपस्थित रहे।

सप्ताह के कार्यक्रमों के अंतर्गत सीडी बे से लॉन क्षेत्र तक एक सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों और श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुरक्षा संदेशों के माध्यम से सुरक्षित कार्य वातावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। रैली के पश्चात आयोजित औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं परिचय से हुई।

### राजेंद्र धाकड़ बने अखिल भारतीय किरार धाकड़ क्षत्रिय महासभा के नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष

# युवाओं में खुशी की लहर, समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका का मिला सम्मान

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



जिले के युवा समाजसेवी एवं पत्रकार राजेंद्र धाकड़ को अखिल भारतीय किरार धाकड़ क्षत्रिय महासभा का नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही समाजजनों और युवाओं में उत्साह की लहर देखने को मिली। सोशल मीडिया पर उन्हें बड़ी संख्या में बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं।

राजेंद्र धाकड़ लंबे समय से समाजसेवा, पत्रकारिता और सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे दैनिक दबंग केसरी अखबार एवं इंडियन टीवी न्यूज़ के जिला ब्यूरो के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। नर्मदापुरम में युवाओं की एक सशक्त टीम के साथ उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है, साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी उनका प्रभाव देखा जाता है।

उनकी संगठन क्षमता, सामाजिक सक्रियता और युवाओं को साथ लेकर चलने की कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए महासभा द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इससे पूर्व वे राष्ट्रवादी युवा वाहिनी के अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू परिषद में संयोजक के रूप में भी दायित्व निभा चुके हैं। कॉलेज जीवन के दौरान उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में भी सक्रिय भूमिका अदा की।

समाज सेवा के साथ-साथ वे खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। उनकी नियुक्ति को समाज में नई ऊर्जा और नेतृत्व के रूप में देखा जा रहा है। समाजजनों का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

राजेंद्र धाकड़ के जिला अध्यक्ष बनने से उनके साथियों और समर्थकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरा।

### बुधनी में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एचपीवी टीकाकरण अभियान की दी जानकारी

**बुधनी।** शासकीय पीएम श्री विद्यालय, बुधनी में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) एवं एफपीएआई भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीबीएमओ धनजीत बड़ोदिया के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान आरकेएसके परामर्शदाता शिक्षा नागर ने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ तथा इससे होने वाली गंभीर बीमारियों की रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन किशोरियों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए पात्र छात्राओं का समय पर टीकाकरण कराया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर पात्र किशोरियों को अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण भी कराया गया। साथ ही छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें सुरक्षित व स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना था।

### राष्ट्रीय स्तर पर मिली इंदौर जिले में हुए कार्यों को सराहना

# इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल

इंदौर ■ निसं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर इंदौर जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्ष 2025-2026 के दौरान अब तक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। इस अभियान के तहत जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई है। आज केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में इंदौर जिले में हुए कार्यों को सराहा गया।

बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारी और प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स शामिल हुए। इंदौर से इस बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराये गए जल संवर्धन और जल संरक्षण संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विगत 30 मार्च 2025 से अभियान की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार तथा निर्माण कार्यों को आमजन से जोड़कर विशाल जनभागीदारी का स्वरूप दिया गया। अभियान को जन आंदोलन बनाया गया। इंदौर जिले में युद्ध स्तर पर कुएँ, बावड़ी व तालाबों की सफाई व पुनरुद्धार का कार्य किया गया।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में किए गए जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनभागीदारी से जिले में व्यापक स्तर पर जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया है। जिले में 879 खेत तालाबों का निर्माण किया गया। साथ ही 654 सोक पिट / रिचार्ज पिट बनाए गए। इंदौर में 25 हजार 741 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया गया।

### एनएसएस की दो छात्राओं का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

# 8 से 14 मार्च तक चित्रकूट में होगा शिविर, महाविद्यालय में खुशी का माहौल

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नर्मदापुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दो स्वयंसेवकों का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। चयनित छात्राओं में इकाई-1 की सुलोचना अहाके तथा इकाई-2 की सलोनी दुबे शामिल हैं। यह चयन जिला संगठक डॉ. दिग्विजय सिंह खत्री के मार्गदर्शन में चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया गया।

राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 मार्च से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के संगठन में किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक सेवा तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना है। शिविर के दौरान चयनित छात्राएँ विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों, समूह चर्चाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेंगी।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने इस उपलब्धि पर छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने एवं सुश्री पूजा गोस्वामी सहित महाविद्यालय परिवार ने भी छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त की कि वे शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगी

## अनमोल वचन

सच्चाई से जिसका मन भरा है, वह विद्वान न होने पर भी बहुत देश सेवा कर सकता है। – पं. मोतीलाल नेहरू

जो भारी कोलाहल में भी संगीत को सुन सकता है, वह महान उपलब्धि को प्राप्त करता है। – डॉ. विक्रम साराभाई

## सम्पादकीय

# इजरायल-ईरान की जंग के दो पाटों में फंसा भारत

अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ऊपर हमला करके सारी दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की ओर ढकेल दिया है। इसमें भारत की हालत सबसे ज्यादा खराब है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के आठवें दिन सबसे ज्यादा खामियाजा भारत को भुगतना पड़ रहा है। जिस लड़ाई से भारत का कोई लेना-देना नहीं था, उसी लड़ाई में भारत को इतना बड़ा नुकसान होगा, शायद यह भारत ने नहीं सोचा होगा। अब जो परिणाम सामने आ रहे हैं, उसके बाद निश्चित रूप से भारत की सरकार को समझ आ रहा होगा। सास-बहू के झगड़े में जिस तरह से पति की स्थिति सबसे दयनीय होती है। ना तो वह अपनी मां के पक्ष में बोल पाता है, ना पत्नी के पक्ष में बोल पाता है। आज वही स्थिति भारत की इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच में देखने को मिल रही है। इजरायल द्वारा युद्ध के दूसरे ही दिन ईरान के धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई और ईरान की पहली और दूसरी पंक्ति के नेताओं और सुरक्षा कमांडरों को निशाना बनाकर मार दिया गया। उसके बाद ईरान ने आर-पार की लड़ाई की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अमेरिका और इजरायल को ईरान की सैन्य ताकत के बारे में शायद सही अंदाजा नहीं था। जिसके कारण उन्होंने इतना बड़ा जोखिम मोल ले लिया, जो अब उनसे संभाले नहीं संभल रहा है। इजरायल ने ईरान के स्कूल में हमला करके 180 बच्चियों की सामूहिक हत्या की थी। उसके बाद ईरान बुरी तरह से भड़क गया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल के तेलअबीब और येरूसलम को सबसे पहले निशाने में लिया उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर और खाड़ी देशों में जहां पर अमेरिकी सैन्य अड्डे थे, उन पर ईरानी मिसायलों से हमला किया। सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही, कि इजरायल का जो रक्षा सिस्टम था, वह ईरान की मिसाइलों का मुकाबला नहीं कर पाया। इजरायल को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कुछ इस तरह की स्थिति खाड़ी देशों के अमेरिकी सैन्य अड्डों की रही। जहां ईरान की मिसाइलें भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। रही-सही कसर ईरान ने हार्मोंज जल क्षेत्र से समुद्री जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह रोक दिया। जिसके कारण लगभग 30 फ़ीसदी देशों की तेल आपूर्ति और आयात निर्यात एक तरह से बंद हो गया है। अमेरिका द्वारा अपने सैन्य अड्डों की सुरक्षा नहीं कर पाने के कारण खाड़ी के देशों में भी दहशत फैल गई। रही-सही कसर अमेरिका ने ईरान के एक जहाज को, जो भारत के साथ शांतिपूर्वक युद्ध अभ्यास के लिए आया हुआ था। उस जहाज को अंतर्राष्ट्रीय समुद्र सीमा, जो श्रीलंका के पास लगती है। उस पर अमेरिका ने हमला करके उसे डूबा दिया। जिसके कारण ईरान के 87 से अधिक सैनिक मारे गए। 32 से अधिक नौसैनिक घायल हो गए हैं। इसमें भारत की भूमिका सबसे ज्यादा नकारात्मक रही है। युद्ध शुरू होने के 1 दिन पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल की यात्रा पर थे। उन्होंने इजराइल की संसद को संबोधित किया था। उनके वापस आते ही ईरान के ऊपर हमला हो गया। शिया समुदाय के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई के साथ-साथ लगभग दो दर्जन ईरान के कमांडरों की सामूहिक हत्या इजरायल द्वारा कर दी गई। उसके बाद भारत सरकार द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। ईरान को शोक संदेश भी नहीं भेजा गया, जिसके कारण भारत के ईरान के साथ जो संबंध थे, वह खराब हो गए। खाड़ी देशों में ईरान का हमला होने के कारण भारत के लगभग एक करोड़ लोग जो खाड़ी के देशों में नौकरी और रोजगार के लिए गए हुए थे, वह सब खतरे में पड़ गए हैं। रही सही कसर यूएई में पूरी हो रही है। भारत का सबसे ज्यादा निवेश यूएई के दुबई में लाखों करोड़ों डॉलर का है। लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं। ईरान ने सबसे ज्यादा नुकसान दुबई को पहुंचाया है। जिसके कारण भारतीयों का निवेश वहां पर खतरे में पड़ गया है। इसके अलावा भारत ने अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील की थी, उसमें रुस से तेल लेने का अमेरिकी प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में से प्रतिबंध लगाया है। इस स्थिति को देखते हुए, भारत सरकार को अमेरिका से रुस से कच्चे तेल और गैस आयात करने की अनुमति मांगनी पड़ी है। ईरान ने रूस और चीन के समुद्री जहाजों की आवाजाही को छूट दे रखी है। युद्ध के आठवें दिन भारत की यह सबसे बड़ी कूटनीतिक पराजय है। भारत में विपक्षी दल और दुनिया के अन्य देश भारत को इजरायल और अमेरिका का पिट्ठू मान रहे हैं। एक तरह से वैश्विक राजनीति में भारत अलग-थलग पड़ गया है। इराक के बाद यदि सबसे बड़ा नुकसान किसी देश को होने जा रहा है, तो वह भारत है। भारत का शेयर बाजार निरंतर गिरता चला जा रहा है। भारत के पास 15 दिन से ज्यादा का कच्चा तेल और गैस उपलब्ध नहीं है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान भारत को हो रहा है। जिस तरह की स्थितियां वैश्विक स्तर पर बन रही हैं, उसमें भारत भी युद्ध के दरवाजे पर आकर खड़ा हो गया है? स्वतंत्रता के बाद पहली बार वैश्विक राजनीति में भारत इतना कमजोर है। अब विपक्षी दलों के साथ-साथ आम नागरिक भी यह कहने लगे हैं। युद्ध की विभीषिका के बीच जिस तरह से बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हटाकर वहां पर भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाने जा रही है उसको लेकर भी सरकार की छवि को नुकसान हो रहा है। इजरायल और अमेरिका के नेतन्याहु और डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सत्ता को बचाए रखने, एपिस्टीन फाइल में जो खुलासे हो रहे थे। उससे बचने के लिए ईरान के साथ यह युद्ध शुरू किया है, जो अब तीसरे विश्व युद्ध की तरफ बढ़ता हुआ दिख रहा है। इसमें भारत को भी बड़ा नुकसान होता हुआ दिख रहा है।

## चिंतन-मनन

### सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला – मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं।

राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा – मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला – तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।

इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।



ललित गर्ग

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल

> नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे 'जनादेश के साथ खिलवाड़' और 'राजनीतिक समझौते की राजनीति' करार दिया है।

बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय?

नीतिश कुमार को लंबे समय से 'सुशासन पुरुष' के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है।

नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे 'जनादेश के साथ खिलवाड़' और 'राजनीतिक समझौते की राजनीति' करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है।

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है।

किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है।

सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा। यदि नई नेतृत्व संरचना बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करती है, तो यह परिवर्तन राज्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यदि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह निर्णय बिहार के लिए सकारात्मक परिणाम ला सकता है। बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया।

इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है। आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है और कई क्षेत्रों में अपराध तथा असुरक्षा की भावना जनजीवन को प्रभावित करती रही है। ऐसे में यदि नई सरकार दृढ़ नीतियों के साथ विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है, तो यह सत्ता परिवर्तन राज्य के लिए नई दिशा और नई दशा का वाहक बन सकता है।

## सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना

# किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास



जगत प्रकाश नड्डा

> योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में,संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं।

जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ। किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है।यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है।

वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्वभर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80-90% है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं।

पीएमबीजेपीकेवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है; यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, 'जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ', यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50% से 80%तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं।

योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में,संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे।

कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशोंके लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोपजैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।

यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं। गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपीप्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं।नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने सेपहले दवा के हर बैच काराष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके।

एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है,ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे।

तीन स्तंभों -पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत - पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता औरअवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं,बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है।

'विकसित भारत ञ्च2047' दृष्टि के तहत मुख्य ध्यान इस बात पर है कि हर किसी के लिए एक सुदृढ़, न्यायसंगत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाई जाए। इसमें बेहतर अस्पताल, कम चिकित्सा खर्च, उपचार तक आसान पहुंचऔर सस्ती दवाओं की उपलब्धता शामिल हैं। बहु-क्षेत्रीय सहयोगों के जरिये, पीएमबीजेपी ने यह साबित किया है कि सही संस्थागत दृष्टि के साथ, स्वास्थ्य सेवा उच्च गुणवत्ता युक्त और सार्वभौमिक रूप से सुलभ दोनों हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह परियोजना प्रगति करती रहे और किफायती स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मॉडल के रूप में अपनी स्थिति को निरंतर बनाए रखे।

**( लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं )**

## खास बात

### केजरीवाल प्रधानमंत्री बनेगें?

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा पाल ली है। अदालत से निर्दोष होने के तुरंत बाद वह जिस तरह के तेवर दिखा रहे हैं। उससे लगता है,वह प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं ।गैर भाजपाई दलों के नेतृत्व की भूमिका तलाश रहे हैं। वह कांग्रेस और भाजपा दोनों को ही चुनौती दे रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विधानसभा का चुनाव जीत जाती हैं। तो वह इंडिया गठबंधन की सशक्त दावेदार साबित होगी। राजनीतिक हलको में कहा जा रहा है। एक बार ममता बनर्जी का विश्वास किया जा सकता है।अरविंद केजरीवाल का विश्वास करना कठिन है। केजरीवाल अपने आगे किसी को नहीं समझते हैं।वह आईआरएस है। उतनी ठसक और राजनीति की महत्वाकांक्षा स्वाभाविक है। आगे क्या होगा,यह भगवान जाने।

### राज्यसभा की सीट के लिए तोल मोल

राज्यसभा की रिक्त सीटों के लिए कुछ ही दिनों में चुनाव होने जा रहे हैं ।सभीराजनीतिक दलों में राज्यसभा टिकट के लिए बोली लगना शुरू हो गई है। बिहार में जनता दल यू से भोला सिंह राज्यसभा में जाना चाहते हैं। इसके पहले बिहार से धनी कारोबारी किंग महेंद्र राज्य सभा के सदस्य होते थे ।जो टिकट खरीद कर राज्य सभा पहुंचते थे। इस बार राज्यसभा में जाने के लिए चंदे के साथ-साथ भूमिहार और यादव का जाति समीकरण टिकट पाने के लिए कोशिश में है। चंदा की बात को लेकर राजद और जदयू सावधानी बरतने की कोशिश कर रहे हैं ।चंदे का धंधा कुछ समय के लिए जरूर छुप जाए, लेकिन समय आने पर असलियत सामने आ जाती है। जैसे किंग महेंद्र की सामने आ गई है।

### स्टालिन ने शाह को दिया बड़ा झटका

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भारतीय जनता पार्टी ?र केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को व्यक्तिगत रूप से तगड़ा झटका दिया है ।अमित शाह पिछले कई महीने से पूर्व मुख्यमंत्री पनीर सेलवम को एनडीए में लाने की कोशिश कर रहे थे। साम दाम दंड भेद अपनाने के बाद भी शाह सफल नहीं हो पाए। एमके स्टालिन ने पनीर सेलवम को टीएमसी में शामिल कर सही मायने में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को तगड़ा झटका दिया है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, चैत्र कृष्ण पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, चतुर्थी, शनिवार, चित्रा नक्षत्रे, गर योगे, विव करणे, तुला की चंद्रमा, सर्वार्थ सिद्ध योग 10/55 रोग विमुक्ता स्नान मुर्हूत जातकर्म नामाकरण व्यापार तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, उत्तम वृत्ति वाला, धनी-मानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, दूध तथा चूने का व्यापारी, डोलोमाइट तथा सोने-चांदी का व्यापारी होगा।

**मेष राशि :-** शारीरिक अशांति, किसी परेशानी से बचिये नहीं तो किये पर पछताना पड़ेगा।

**वृष राशि :-** संवेदनशील होने से बचिये अन्यथा कुटुम्ब की समस्याओं का बोझ बढ़ेगा।

**मिथुन राशि :-** मानसिक कार्य में सफलता, संतोष, धन लाभ होगा, रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

**कर्क राशि :-** विरोधी वर्ग का समर्थन फलप्रद होगा, शुभ कार्य होने के संकेत हैं ध्यान दें।

**सिंह राशि :-** व्यवसायिक क्षमता अनुकूल रहेगी, स्थिति पूर्ण नियंत्रण में रहेगी।

**कन्या राशि :-** सामाजिक कार्यों में प्रभुत्व वृद्धि होगी, रुके धन का लाभ अवश्य होगा।

**तुला राशि :-** अधिकारी वर्ग से विशेष समर्थन फलप्रद रहेगा, व्यवसाय गति उत्तम होगी।

**वृश्चिक राशि :-** धन लाभ, कार्य कुशलता से संतोष, पराक्रम-समृद्धि के योग अवश्य बनेंगे।

**धनु राशि :-** विरोधियों से सतर्क रहकर कार्य करें, स्वभावलंबी बनकर कार्य करेंगे।

**मकर राशि :-** मनोबल उत्साहवर्धक होगा, दैनिक कार्यगति में सफलता अवश्य मिलेगी।

**कुंभ राशि :-** कार्य व्यवसाय में लाभ किन्तु धन का विशेष व्यय, शक्ति का व्यय होगा।

**मीन राशि :-** समृद्धि के साधन जुटायें, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्य पर ध्यान दें।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**7 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शनिवार** 2026 वर्ष का 66 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 19.18 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 11.16 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 06.53 बजे को समाप्त।
**करण** बव 06.32 बजे तदनन्तर बालव 19.18 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 22'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872641
**जूलियन दिन** 2461106.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 17

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.44 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 08.14 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.54 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.52 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.06 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.22 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.34 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.45 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.59 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.15 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मकर | 03.20 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.07 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# बहुचर्चित सीरीज एस्पिरेंट्स का तीसरा सत्र 13 मार्च से प्राइम पर स्ट्रीम होगा




बहुचर्चित सीरीज एस्पिरेंट्स का इंतजार अब खत्म होने वाला है। मेकर्स ने पुष्टि की है कि सीरीज का तीसरा सीजन 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियोपर स्ट्रीम होगा। दीपेश सुमित्रा जगदीश द्वारा निर्देशित यह सीजन रिश्तों और करियर की एक नई जंग को पर्दे पर उतारेगा।

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर करते हुए लिखा, तैयारी सिर्फ करियर की नहीं, रिश्तों की भी , नया सीज़न । नए पोस्टर ने सीरीज़ के कैरेक्टर्स के सफर के अगले चैप्टर के लिए उत्सुक फैंस के बीच एक्साइटमेंट पैदा कर दी है। एस्पिरेंट्स सीज़न 3 में डीएमअभिलाष, जिसका रोल नवीन कस्तूरिया ने किया है, दो टाइमलाइन में दिखाया गया है। अभी, अभिलाष के खिलाफ एएलसी संदीप ओहलान एक इंक्वायरी शुरू करते हैं, जिससे दीपा, गुरी, धैर्य, एसके और संदीप के साथ उनके रिश्ते खराब हो जाते हैं, जबकि एक नया राइवल उनके प्रोफेशनल गोल्स में रुकावट डालता है। कास्ट में शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा, नमिता दुबे, टेंगम सेलिन और नए एक्टर जतिन गोस्वामी शामिल हैं। पहले के सीज़न में अभिलाष की एक आईएस ऑफिसर के तौर पर अपने काम और खास दोस्ती को बनाए रखने की कोशिशों पर फोकस था। सीज़न 2 में अभिलाष, एसके और गुरी ने करियर, प्यार और एम्बिशन के बीच टेंशन को सुलझाया, क्योंकि उन्होंने ज़िंदगी और एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस की असलियत का सामना किया।

शो के आगे बढ़ने के बारे में बताते हुए, पहले के डायरेक्टर अपूर्व सिंह कार्की ने पहले एक स्टेटमेंट में शेयर किया था, एस्पिरेंट्स 2 कैरेक्टर्स को आगे ले जाता है, यूपीएससी की तैयारी की दुनिया में गहराई तक ले जाता है। इसके अलावा, यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव जॉब करने की ज़मीनी हकीकत को भी दिखाता है।

# 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी डकैत




अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर स्टारर आगामी एक्शन-थ्रिलर डकैत: एक प्रेम कथा का नया रोमांटिक गाना 'रूबरू' सोनी म्यूजिक साउथ के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया। गाने की शुरुआत जेल की घंटी की आवाज से होती है, जिसके बाद जेल के भीतर कैदियों और जेलर के बीच घटता एक छोटा-सा दृश्य दिखाया जाता है। इसी माहौल के बीच धीरे-धीरे फिल्म के लीड कलाकारों की एंट्री होती है और उनका रोमांटिक ट्रैक गाने को एक नया रंग देता है।

वीडियो में मृणाल ठाकुर को एक अमीर खानदान की लड़की के रूप में दिखाया गया है, जबकि अदिवि शेष एक साधारण और गरीब परिवार के युवक की भूमिका निभा रहे हैं। गाने में मृणाल का छुपकर अदिवि से मिलना और अदिवि का हर पल उनका इंतजार करना कहानी को भावनात्मक गहराई देता है। दोनों कलाकारों की सहज और स्वाभाविक केमिस्ट्री ने गाने को और भी आकर्षक बना दिया है। रिलीज के कुछ ही घंटों के भीतर यूट्यूब पर आए लाखों व्यूज और कमेंट्स यह साबित करते हैं कि दर्शकों ने इस रोमांटिक अंदाज को खूब पसंद किया है। फैंस न सिर्फ अदिवि और मृणाल की ऑन-स्क्रीन बॉन्डिंग की तारीफ कर रहे हैं, बल्कि मृणाल ठाकुर के लुक ने भी सभी का ध्यान खींचा है। 'रूबरू' के बोल भास्कर भाटला रविकुमार ने लिखे हैं। गाने को भीम्स सेसिरोलियो और चिन्मयी श्रीपदा ने आवाज दी है तथा संगीत भी भीम्स सेसिरोलियो ने ही तैयार किया है।फिल्म डकैत: एक प्रेम कथा का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। कहानी एक ऐसे प्रेमी जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें युवक अपनी प्रेमिका से हुए विश्वासघात के बाद बदले की राह पकड़ लेता है। फिल्म में निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगे। गाने और ट्रेलर की लोकप्रियता के बाद दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और फैंस बेसब्री से इसके इंतजार में हैं।

# शंकर महादेवन ने अपनी अलग पहचान बनायी



अभिनेता शंकर महादेवन ने अपने संगीत से लोगों के दिलों में अलग ही पहचान बनायी है। कर्नाटक के एक परिवार में 3 मार्च को जन्मे शंकर को बचपन से ही संगीत की शिक्षा मिली थी। उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी और कॉलेज तक आते-आते वह बहुत अच्छा गाने लगे थे। सिंगर कॉलेज के समय हर फंक्शन में अपनी परफॉर्मेंस देते थे और अपनी आवाज के बलबूते पर भी कई पुरस्कार भी जीते लेकिन पहला एल्बम सॉन्ग करना उनके लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि पहला एल्बम ब्रेथलेस जावेद अख्तर ने लिखा था।

ब्रेथलेस उनका पहला और हिट एल्बम गाना था, जिसे उन्होंने जावेद अख्तर के साथ मिलकर बनाया था। इस गाने का पैटर्न बाकी गानों से अलग था, क्योंकि इस गाने में न कोई ठहराव था और न ही अंतरा। ऐसे में शंकर को भी नहीं पता था कि रिजल्ट क्या निकलने वाला है।

उन्होंने जावेद साहब से गीत के बोल लिखने के लिए कहा। जावेद अख्तर ने 4 पन्नों का गाना तैयार किया। जब पहली बार सिंगर के हाथ में स्क्रिप्ट आई तो वह हैरान हो गए। एक इंटरव्यू में सिंगर ने खुलासा किया कि चार पन्नों के गाने में सिर्फ और सिर्फ शब्द भरे थे और ऐसा लग रहा था कि यह एक मैगजीन का आर्टिकल है। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या है और ऐसा लग रहा था कि कहा फंस गया। उस वक्त तक गाने की धुन तैयार कर ली गई थी। जब मैंने उनसे सवाल किया कि ये क्या है, तब उन्होंने कहा कि यही तो है ब्रेथलेस।

ब्रेथलेस हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री में सिंगर के करियर का पहला गाना था, जिसे अभिनेता ने बिना ठहराव के और सांस लिए बिना रिकॉर्ड किया था। यह गाना लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ और इस गाने के लिए उन्हें स्क्रीन अवार्ड्स में बेस्ट नॉन-फिल्म एल्बम के खिताब से नवाजा गया। ब्रेथलेस हिट होते ही फिल्मों के ऑफर भी आने लगे। पहली बार उन्होंने सलमान खान की फिल्म दस के लिए गाने गाए, हालांकि शंकर, एहसान और लॉय के बिना अधूरे हैं। तीनों की तिकड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर कई गानों का म्यूजिक, गीत लिखे और गाए हैं।

# राशि खन्ना रोम की सैर पर निकलीं



अभिनेत्री राशि खन्ना आजकल इटली की खूबसूरत वादियों में छुट्टियां मना रही हैं। साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री राशि इस बार अपने परिवार और दोस्तों संग रोम की सैर पर निकली हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। पहली तस्वीर में एक कपल को गुलाब का फूल देते हुए दिखाया गया है, जबकि बाकी तस्वीरों में राशि रोम की गलियों, ऐतिहासिक जगहों और कैफे में खुशगवार पलों का आनंद लेती नजर आ रही हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'रोम की सबसे खूबसूरत बात मेरे सामने मेज के उस पार बैठी थी।

' अभिनेत्री की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं और कमेंट सेक्शन में हार्ट व फायर इमोजी की बाढ़ सी आ गई है। राशी खन्ना की बात करें तो वे साउथ इंडस्ट्री की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उनकी गायिकी भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। तेलुगु और तमिल फिल्मों में अपनी प्रभावशाली मौजूदगी दर्ज करा चुकी राशि सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी के मजेदार पलों और आने वाले प्रोजेक्ट्स की झलक फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। साउथ सिनेमा में सफल यात्रा के बाद राशि हाल ही में फिल्म '120 बहादुर' में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने इरफान खान के साथ स्क्रीन साझा की थी।

भारत और चीन के बीच हुए एक युद्ध पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। '120 बहादुर' का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अमित चंद्रा के ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो के साथ मिलकर किया है। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसी के साथ राशि खन्ना जल्द ही सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ उनकी अगली फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में नजर आएंगी। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में श्रीलीला, प्रथिबन, केएस रविकुमार, रामकी, नवाब शाह, अविनाश, गौतमी और नागा महेश जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

# अनुभव सिन्हा की नई फिल्म अस्सी समाज की कड़वी सच्चाइयों को सामने लायी

बॉलीवुड फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा की नई फिल्म अस्सी की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत भले ही धीमी रही हो, लेकिन फिल्म ने दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी है। देशभर में महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न और उससे जुड़ी समाज की जहरीली मानसिकता पर यह फिल्म सीधी चोट करती है।

कोर्टरूम ड्रामा, पीड़िता की पीड़ा और न्याय की लड़ाई को जिस बारीकी और संवेदनशीलता से फिल्म में दर्शाया गया है, उसने दर्शकों के साथ-साथ दिग्गज कलाकारों को भी प्रभावित किया है। गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि अस्सी न सिर्फ भावनात्मक स्तर पर असर डालती है बल्कि कई जरूरी सवालों के जवाब भी देती है। उनके मुताबिक यह फिल्म समाज की कड़वी सच्चाइयों को बेहद प्रभावशाली तरीके से उजागर करती है। सामाजिक-राजनीतिक और रियलिस्टिक विषयों पर बनी फिल्म में



मुख्य भूमिका निभाने वाली तापसी पन्नू की परफॉर्मेंस खास तौर पर दर्शकों को भीतर तक झकझोर देती है। इसी तरह, मशहूर शेफ और कुकिंग शो मास्टरशेफ इंडिया के जज रणवीर बरार ने भी फिल्म की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि फिल्म विजुअल रूप से बेहद मजबूत है और अपनी प्रस्तुति के कारण दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है। रिलीज के साथ ही फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। ओपनिंग डे पर अस्सी ने 1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जबकि दूसरे और तीसरे दिन कुल 3.20 करोड़ का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म 4.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन जुटाने में सफल रही।

हालांकि सोमवार से इसके कलेक्शन में गिरावट देखी गई और अब तक फिल्म कुल 6.30 करोड़ रुपये ही कमा पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का बजट लगभग 30 करोड़ रुपये है। इस हिसाब से अस्सी अभी बजट का चौथाई हिस्सा भी वापस नहीं ला सकी है, लेकिन फिर भी दर्शक और समीक्षक फिल्म की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहे। फिल्म ट्रेड विशेषज्ञों का मानना है कि इसके कम प्रदर्शन का कारण प्रमोशन की कमी और स्टार पावर का अभाव है। सही तरीके से प्रचार नहीं होने के चलते फिल्म अपनी क्षमता के अनुसार दर्शकों तक नहीं पहुंच सकी।

## संक्षिप्त समाचार

### टी-20 विश्व कप फाइनल अहमदाबाद में कल, आईसीसी ने नियुक्त किये अंपायर

**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले के लिए अम्पायर और मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। अहमदाबाद में 8 मार्च को होने वाले फाइनल में भारत और न्यूज़ीलैंड आमने-सामने होंगे। फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर की भूमिका निभाएंगे। इलिंगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगे। इससे पहले उन्होंने 2024 के फाइनल में क्रिस गैफनी के साथ अंपायरिंग की थी। हाल के वर्षों में इलिंगवर्थ को कई बड़े मुकाबलों में जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने विश्व कप 2023 के फाइनल और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। एलेक्स व्हार्फ के लिए यह पहला सीनियर आईसीसी विश्व कप फाइनल होगा। इससे पहले वह महिला विश्व कप 2022 और 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान अंपायरिंग कर चुके हैं। पिछले वर्ष उन्हें एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ अंपायर्स में शामिल किया गया था।

### फीफा विश्व कप 2026 से पहले मोरक्को के कोच वालिद रेग्रागुई ने दिया इस्तीफा

**रबात।** मोरक्को की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच वालिद रेग्रागुई ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह फैसला उन्होंने फीफा विश्व कप 2026 से कुछ महीने पहले लिया है। पिछले कई हफ्तों से उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का निर्णय लिया। रेग्रागुई ने अपने इस्तीफे का कारण थकान बताया है। 50 वर्षीय रेग्रागुई ने 2022 में फीफा विश्व कप 2022 में मोरक्को को ऐतिहासिक सेमीफाइनल तक पहुंचाया था। यह किसी भी अफ्रीकी देश का विश्व कप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इसके अलावा इसी साल जनवरी में उन्होंने टीम को अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के फाइनल तक भी पहुंचाया था, जहां मोरक्को को सेनेगल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब मोरक्को टीम की कमान मोहम्मद औहबी संभाल सकते हैं। उन्होंने पिछले साल चिली में आयोजित अंडर-20 विश्व कप में मोरक्को की टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। सितंबर 2022 में कोच बनने के बाद रेग्रागुई का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा। उनके कार्यकाल में मोरक्को ने 49 मैचों में 36 जीत दर्ज की, 8 मुकाबले ड्रॉ रहे और सिर्फ 5 में हार मिली। इसी दौरान टीम ने जून 2024 से दिसंबर 2024 के बीच लगातार 19 जीत दर्ज कर राष्ट्रीय टीमों के बीच लगातार सबसे अधिक जीत का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।

एएफसी महिला एशियाई कप 2026

# सैनफिदा नोंगरम ने डेब्यू मैच में ऐतिहासिक गोल कर रचा इतिहास

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सैनफिदा नोंगरम ने अपने डेब्यू मैच में ऐतिहासिक गोल दागकर भारतीय महिला फुटबॉल के लिए खास पल रच दिया। हालांकि, इंजरी टाइम में गोल खाकर भारत को वियतनाम महिला फुटबॉल टीम के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला एएफसी महिला एशियाई कप 2026 के ग्रुप-सी में पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में खेला गया।

हाफ टाइम के बाद बतौर सब्स्टीट्यूट मैदान में उतरी 20 वर्षीय सैनफिदा ने 52वें मिनट में गोल कर भारत को बराबरी दिलाई। इस गोल के साथ उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बनाया। एशियाई कप में भारत का पिछला गोल करीब 23 साल पहले हुआ था और उस समय सैनफिदा का जन्म भी नहीं हुआ था। अपने सीनियर अंतरराष्ट्रीय डेब्यू में गोल करने के बावजूद हार से वह पूरी तरह संतुष्ट नहीं थीं। मैच के बाद उन्होंने एआईएफएफ.कॉम से कहा, 'भारत के



लिए अपने डेब्यू मैच में पहला गोल करना खुशी की बात है, लेकिन आखिरी क्षणों में हार का दुख भी है। हम इस मैच से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे और अगले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।' भारत का अगला मैच जापान महिला फुटबॉल टीम से होगा।

**शिलांग से शुरू हुआ सफर**- मेघालय की राजधानी शिलांग में जन्मीं सैनफिदा का फुटबॉल सफर बचपन से ही शुरू हो गया था। संयुक्त परिवार में पली-बढ़ीं सैनफिदा को उनके चचेरे भाई ने फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया। वह बचपन में घर और मैदान में रोज खेला करती थीं।

करीब छह साल की उम्र में उन्होंने रॉयल वाहिंगदोह एफसी की अकादमी में शामिल होकर संगठित फुटबॉल की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलते हुए अपनी प्रतिभा को निखारा।

**भारतीय महिला लीग में चमक**-बेंगलुरु में दो साल बिताने के बाद उन्होंने इंडियन वीमेंस लीग में खेलना शुरू किया। पहले उन्होंने सिरवोडेम स्पोर्ट्स क्लब के लिए खेला और बाद में स्पोर्ट्स ओडिशा का प्रतिनिधित्व किया।

इसके बाद वह गढ़वाल यूनाइटेड एफसी से जुड़ीं, जहां उनके करियर ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं। 2024-25 सत्र में गढ़वाल यूनाइटेड ने इंडियन वीमेंस लीग 2 का खिताब जीता, जिसमें सैनफिदा टीम की कप्तान थीं। दिसंबर 2025 में उन्होंने लंबी दूरी से शानदार गोल कर क्लब को इंडियन वीमेंस लीग में पहली जीत भी दिलाई।

#### बेंगलुरु में मिला नया मंच

15 साल की उम्र में सैनफिदा ने फुटबॉल को गंभीरता से आगे बढ़ाने के लिए घर छोड़ा और बेंगलुरु चली गईं। यहां उन्होंने बैंगलोर यूनाइटेड एफसी से जुड़कर पूर्व भारतीय गोलकीपर चित्रा गंगाधरन के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया। यह उनके करियर का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

#### परिवार का मिला लगातार साथ

सैनफिदा के पिता पेशे से ड्राइवर हैं और उनकी मां गृहिणी हैं। परिवार ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सैनफिदा कहती हैं, 'मेरा परिवार हमेशा एक ही बात कहता है-कभी हार मत मानो। फुटबॉल में जीत, हार या ड्रॉ कुछ भी हो सकता है, लेकिन सबसे जरूरी है आगे बढ़ते रहना और मेहनत करते रहना।'

# इंडियन वेल्स 2026: वीनस विलियम्स पहले ही दौर में हारकर हुई बाहर

**इंडियन वेल्स ■ एजेंसी**



सात बार की ग्रैंड स्लैम विजेता वीनस विलियम्स का बीएनपी परिबास ओपन 2026, जिसे इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है, में अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया। फ्रांस की डायने पैरी ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में वीनस को 3-6, 6-7 (4), 1-6 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

45 वर्षीय वीनस विलियम्स को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सिंगल्स और डबल्स ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया गया था। यह उनके इंडियन वेल्स में पदार्पण के 30 साल बाद की वापसी थी। उन्होंने पहली बार 1996 में 15 वर्ष की उम्र में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

मुकाबले में पहले सेट में पिछड़ने के बाद वीनस ने दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर ला दिया, लेकिन 23 वर्षीय डायने पैरी (विश्व रैंकिंग 111) ने तीसरे सेट में पूरी तरह नियंत्रण स्थापित करते हुए आसानी से जीत दर्ज कर ली।

यह वीनस विलियम्स की इस टूर्नामेंट में 10वीं उपस्थिति थी और 2024 के बाद उनकी पहली वापसी भी। 2024 में भी वह वाइल्ड कार्ड के जरिए खेलते हुए पहले ही दौर में हार गई थीं। पिछले वर्ष उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला था, लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया था।

मैच से पहले वीनस ने कहा था, 'मैं इंडियन वेल्स लौटने को लेकर बहुत उत्साहित हूं और कैलिफोर्निया में खेलने के लिए घर वापसी जैसा महसूस कर रही हूं।' अब डायने पैरी दूसरे दौर में अमेरिका की 15वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ से शनिवार को मुकाबला करेंगी। वीनस विलियम्स लगातार आठवां डब्ल्यूटीए सिंगल्स मुकाबला हार गई हैं। पिछले वर्ष वाशिंगटन में वापसी के दौरान उन्होंने एकमात्र जीत दर्ज की थी।

जनवरी में उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में हिस्सा लिया था, जहां वह सिंगल्स और डबल्स दोनों में पहले दौर में हार गई थीं। उस समय वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनी थीं, उन्होंने जापान की किमिको दाते का रिकॉर्ड तोड़ा था, जिन्होंने 2015 में 44 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# खो-खो के मैदान से भारतीय महिला हॉकी टीम तक, छोटे गांव की बेटी रुताजा दादासो पिसाल की प्रेरणादायक उड़ान

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

महज 23 वर्ष की उम्र में रुताजा दादासो पिसाल भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम की नियमित खिलाड़ी बन चुकी हैं। मिडफील्ड में अपनी मजबूत उपस्थिति के लिए पहचानी जाने वाली रुताजा को एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर, हैदराबाद (तेलंगाना) के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 8 से 14 मार्च तक आयोजित होगा।

महाराष्ट्र के सतारा जिले के छोटे से कस्बे फलटन से आने वाली रुताजा का

**आगामी एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर, हैदराबाद (तेलंगाना) के लिए भारतीय टीम में शामिल**

हॉकी तक का सफर थोड़ा अलग रहा।

उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, 'हॉकी से पहले हम स्कूल में खो-खो खेलते थे। महाराष्ट्र में यह खेल काफी लोकप्रिय है। हमारे शिक्षकों ने देखा कि हमारी दौड़ अच्छी है और स्टैमिना भी अच्छा है, इसलिए



उन्होंने हमें हॉकी खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं से मेरी हॉकी की यात्रा शुरू हुई।'

रुताजा ने आगे कहा, 'मैंने करीब 12 साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया। पुणे की अपनी अकादमी में प्रवेश के लिए मुझे फिटनेस और एंड्योरेंस टेस्ट देना पड़ा था। मैं उस टेस्ट में पास हो गई और वहीं से मेरा हॉकी करियर आगे बढ़ा।

ऐसे गांव से आने वाली रुताजा के लिए यह रास्ता आसान नहीं था, जहां लड़कियों का खेलों में आगे आना आम बात नहीं थी। उन्होंने कहा, 'मेरे गांव में लड़कियों का हॉकी खेलना बहुत सामान्य नहीं था। उस समय परिवार भी सोचते थे कि बच्चों को खेल के लिए बाहर भेजना चाहिए या नहीं। लेकिन गांव के एक कोच ने हमारा समर्थन किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।'

इसके बाद रुताजा ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया और जूनियर महिला हॉकी टीम में जगह बनाई। उन्होंने 2023 में महिला जूनियर एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रहीं, जिसके बाद उन्हें सीनियर टीम के कैंप में मौका मिला। पिछले दो वर्षों से रुताजा सीनियर राष्ट्रीय कैंप का हिस्सा हैं और उनका मानना है कि इससे उनके खेल में काफी सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा, 'जूनियर और सीनियर कैंप में कई समानताएं हैं, लेकिन सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण की तीव्रता कहीं ज्यादा होती है। पिछले कुछ वर्षों से कैंप में रहने से मेरे खेल में काफी सुधार हुआ है।' मिडफील्ड में खेलने के बावजूद सर्कल के अंदर उनकी समझ और मूवमेंट उन्हें गोल करने के मौके दिलाती है। सीनियर टीम के लिए 20 मैचों में वह अब तक सात गोल कर चुकी हैं। इसका एक कारण यह भी है कि वह पहले फॉरवर्ड के रूप में भी खेल चुकी हैं।

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच स्वर्ण भंडार में तेज उछाल से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त हफ्ते में 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि इससे पिछले हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा था। इससे पहले इस वर्ष 13 फरवरी को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 27 फरवरी को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 56.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 573.12 अरब डॉलर हो गई। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.14 अरब डॉलर बढ़कर 131.63 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के अनुसार इस अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 15.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.87 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### इनोविजन लिमि. का आईपीओ 10 मार्च को खुलेगा, प्राइस बैंड 521-548 रुपये प्रति शेयर

**मुंबई।** मैनपावर और टोल प्लाजा मैनेजमेंट कंपनी इंनोविजन लिमिटेड का आरंभिक सावर्जनिक निर्गम (आईपीओ) 10 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश करने के लिए निवेशक 12 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 521-548 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के शेयर 17 मार्च को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध हो सकते हैं। इंनोविजन लिमिटेड के अनुसार 10 रुपये फेस वैल्यू इस इश्यू में निवेशक कम से कम 27 इक्विटी शेयर और उसके बाद 27 इक्विटी शेयर के लिए मल्टिपल में बोली लगा सकते हैं। यह इश्यू दो हिस्सों में बंटा हुआ है। इसमें 255 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू शामिल है, जबकि 12.38 लाख इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) रखा गया है। ओएफएस के जरिए कंपनी के प्रमोटर रणदीप हुंडल और उदय पाल सिंह अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचेंगे। कंपनी ने इस आईपीओ के जरिये 322.84 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी फ्रेश इश्यू से मिलने वाली रकम में से 51 करोड़ रुपये का उपयोग कुछ कर्ज चुकाने के लिए करेगी, जबकि करीब 119 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल के लिए इस्तेमाल होंगे। इसके अलावा शेष राशि का इस्तेमाल अपने कर्ज चुकाने, वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने और सामान्य कॉरपोरेट कामकाज के लिए करेगी।

# पश्चिम एशिया संकट से निपटने में निर्यातकों की मदद के लिए हरसंभव नीतिगत कदम उठाएंगे: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा पश्चिम एशिया संकट से निपटने में सरकार घरेलू निर्यातकों की मदद के लिए सभी नीतिगत और सहायक उपायों का इस्तेमाल करेगी। सरकार ने रोजाना इन मामलों पर गौर करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है।

पीयूष गोयल ने भारत मंडपम में 'आईआईएफटी वाइस चांसलर कॉन्क्लेव' 2026 के अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा, ''सरकार हमारे निर्यातकों को समर्थन देने के लिए हर नीतिगत उपाय और निर्यात प्रोत्साहन मिशन का उपयोग करेगी। सरकार ने दैनिक आधार पर मुद्दों पर विचार करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है।'' मंत्री ने कहा, ''हम अपने निर्यातकों को सहूलियत देने के लिए कुछ तरीकों को औपचारिक रूप देंगे। हर दिन अंतर-मंत्रालयी समूह निर्यातकों से बात करता है...वे प्रतिक्रिया लेते हैं और हम किसी भी तरह से अपने निर्यातकों का समर्थन करने में पीछे नहीं रहेंगे।''

गोयल ने कहा कि भारत अपने उद्योगों द्वारा विदेशों के खरीदारों से किए गए सभी समझौतों और वादों को पूरा करता रहेगा, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों।




गोयल से जब माल ढुलाई के बढ़ते खर्च के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस पर भी काम कर रहा है और यह देख रहा है कि निर्यातकों पर पड़ने वाले बोझ को कैसे कम किया जाए। उन्होंने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय इस मुद्दे पर पोत परिवहन मंत्रालय और शिपिंग कंपनियों से भी लगातार बातचीत कर रहा है, ताकि निर्यातकों की समस्याओं का समाधान निकाला जा सके।

इससे पहले गोयल ने आज इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेन ट्रेड (आईआईएफटी) के वाइस चांसलर कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि एक सर्विस के तौर पर शिक्षा में भारत की एक्सपोर्ट कमाई में योगदान देने और दुनिया के बाकी हिस्सों में हाई क्वालिटी भारतीय शिक्षा को ले जाने में मदद करने की काफी क्षमता है।

गोयल ने एक्स पोस्ट पर लिखा वाइस चांसलर कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए खुशी हुई, जिसमें विकसित भारत 2047 के लिए हायर एजुकेशन के इंटरनेशनलाइजेशन की फिर से कल्पना की गई।

उल्लेखनीय है कि ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए संयुक्त हमले के बाद निर्यातकों को पश्चिम एशिया में खेप की आवाजाही के संबंध में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### यस बैंक कामकाजी महिलाओं के लिए शुरू करेगा 'यस इसेंस महिला वेतन खाता'

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले कामकाजी महिलाओं की वित्तीय एवं जीवनशैली संबंधी जरूरतें पूरा करने में मददगार एक विशेष वेतन खाता शुरू करने की घोषणा की है। यस बैंक की यह नई पेशकश वित्तीय सुरक्षा, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, जीवनशैली विशेषाधिकार और संपत्ति सृजन जैसी विशेष सर्विस को एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगी। बैंक ने बताया कि इस नए खाते का नाम 'यस इसेंस महिला वेतन खाता' रखा गया है। इसके तहत पहले वर्ष के लिए विशेष मुफ्त लॉकर सुविधा, एक वर्ष के लिए पांच लाख रुपये का टॉप-अप स्वास्थ्य कवर और वर्ष में एक बार वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएं होंगी। बैंक ने कहा कि इसे खास तौर पर उन महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो नौकरी या प्रोफेशनल काम के जरिए अपनी आय अर्जित करती हैं। बैंक का कहना है कि यह खाता महिलाओं को बेहतर बैंकिंग अनुभव देने के साथ-साथ उनके वित्तीय भविष्य को मजबूत बनाने में भी मदद करेगा।

### ईडी का अनिल अंबानी और रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी कई कंपनियों पर छापा




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह की कंपनी 'रिलायंस पावर लिमिटेड' के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार को छापेमारी की है।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी अनिल अंबानी और रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी कंपनियों पर छापेमारी कर रहे हैं। ईडी की 15 टीमों ने आज सुबह इस कंपनी से जुड़े लोगों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की है।

बताया गया है कि केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी अनिल अंबानी की कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10-12 ठिकानों पर दोनों शहरों में छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई के तहत मुंबई और हैदराबाद में छापेमारी की जा रही है। एजेंसी ने इन स्थानों में कंपनी के कार्यालय, अधिकारियों के निजी ठिकाने और अन्य संबंधित परिसर को शामिल किया है। छापेमारी के दौरान एजेंसी की टीमों ने दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य जरूरी सामग्री जब्त की है।

प्रवर्तन निदेशालय की यह कार्रवाई एजेंसी की व्यापक जांच का हिस्सा है, जिसमें बैंक धोखाधड़ी से जुड़े लेन-देन और वित्तीय अनियमितताओं की गहन पड़ताल की जा रही है। ईडी ने पहले ही संकेत दिया था कि अनिल अंबानी से जुड़े विभिन्न समूह कंपनियों की वित्तीय गतिविधियों का विश्लेषण किया जा रहा है और संदिग्ध लेन-देन की पहचान की जा रही है।

# नीरव मोदी के भाइयों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने का नोटिस

**मुंबई ■ एजेंसी**

मुंबई की विशेष अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले से जुड़े मामले में फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भाइयों नीशल मोदी और नेहल मोदी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने उनसे पूछा है कि उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी क्यों न घोषित किया जाए। यह नोटिस धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर जारी किया गया। दोनों भाइयों को 7 मई तक जवाब देने को कहा गया है। नीरव मोदी की कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी आदित्य नानावटी और संदीप मिस्त्री को भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया है। अदालत का उद्देश्य है कि यदि किसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया जाता है, तो उसकी संपत्ति जब्त या कुर्क की जा

**नोटिस धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी की याचिका पर जारी किया गया**

सके। ईडी के अनुसार नेहल मोदी ने फर्जी कंपनियों और विदेशों में किए गए लेन-देन के जरिए बड़ी रकम छिपाने में नीरव मोदी की मदद की थी। वहीं नीशल मोदी दुबई में बनाई गई फर्जी कंपनियों में डमी साझेदारों की नियुक्ति और कुछ कंपनियों में हस्ताक्षरकर्ता या लाभार्थी होने का आरोप झेल रहे हैं। नेहल मोदी को 2025 में अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार नेहल और नीशल दोनों बेल्जियम के नागरिक हैं।

इंदौर में स्टीलएज और चबसेफ्स के अत्याधुनिक डिस्प्ले सेंटर का शुभारंभ

# गुनेबो समूह ने मध्य भारत में बढ़ाई मौजूदगी; ज्वेलर्स और वित्तीय संस्थानों को मिलेंगे बीआईएस सर्टिफाइड वैश्विक सुरक्षा समाधान

**इंदौर ■ एजेंसी**

फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी गुनेबो समूह (स्वीडन) ने मध्य भारत के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र इंदौर में अपने नए डिस्प्ले सेंटर का शुभारंभ किया है। तिलक पथ स्थित जी-2 सीएमआर पॉइंट हाउसिंग सोसाइटी में स्थित यह केंद्र गुनेबो के दो भरोसेमंद ब्रांड्स स्टीलएज और चबसेफ्स के माध्यम से व्यापारियों, ज्वेलर्स और वित्तीय संस्थानों को विश्व स्तरीय सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराएगा।

इस अत्याधुनिक सेंटर का उद्घाटन इंस्टीट्यूट ऑफ कोऑपरेटिव मैनेजमेंट के सेवानिवृत्त निदेशक एच.एन. दुबे और गुनेबो सेफ स्टोरेज (एशिया) के मार्केटिंग हेड अनिर्बान मुखुति द्वारा किया गया। यह सेंटर गुनेबो के ऑथराइज्ड चैनल पार्टनर इम्पेटस



सिस्टम्स के सहयोग से शुरू किया गया है। इस दौरान एसबीआई के रीजनल मैनेजर शरद गोयल और शहर के कई प्रमुख ज्वेलर्स भी मौजूद रहे।

गुनेबो के मार्केटिंग हेड अनिर्बान मुखुति ने कहा कि इंदौर में सर्टिफाइड सिक्योरिटी सॉल्यूशंस को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। यह डिस्प्ले सेंटर ग्राहकों को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित सेफ, लॉकर, वॉल्ट और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक लॉकिंग सिस्टम्स का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा। यहाँ ग्राहक अपनी सुरक्षा जरूरतों और जोखिम के स्तर के अनुसार विशेषज्ञों से तकनीकी परामर्श और प्रोडक्ट डेमोंस्ट्रेशन भी ले सकेंगे। स्वीडिश गुनेबो समूह की 250 वर्षों से अधिक की विरासत है। वर्ष 2000 में गुनेबो ने भारतीय ब्रांड स्टीलएज का अधिग्रहण किया, जो 1932 से सुरक्षा सॉल्यूशंस के लिए भरोसेमंद नाम है। वहीं, 1835 में स्थापित चबसेफ्स ब्रांड, जो अपनी 190वीं वर्षगांठ मना रहा है, विश्वभर में अपनी मजबूत सुरक्षा और अग्नि-रोधी क्षमता के लिए विख्यात है।

## इस्पात, लौह अयस्क और उर्वरक की ढुलाई बढ़ने से फरवरी में रेलवे की फ्रेट आय 14,571 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने फरवरी में माल ढुलाई और उससे होने वाली आय में वृद्धि दर्ज की है। इस्पात, लौह अयस्क और उर्वरक जैसे प्रमुख औद्योगिक सामानों की ढुलाई में मजबूत बढ़ोतरी के कारण रेलवे की माल आय फरवरी में बढ़कर 14,571.99 करोड़ रुपये हो गई। रेल मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस साल फरवरी में कुल माल ढुलाई 137.72 मिलियन टन रही, जो पिछले वर्ष फरवरी के 132.48 मिलियन टन की तुलना में 3.96 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में माल ढुलाई से प्राप्त राजस्व 14,151.96 करोड़ रुपये से बढ़कर 14,571.99 करोड़ रुपये हो गया, जो 2.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। फरवरी के दौरान माल परिवहन का एक प्रमुख सूचकांक नेट टन किलोमीटर (एनटीकेएम) भी बढ़कर 76,007 मिलियन हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 72,955 मिलियन था। इस प्रकार इसमें 4.18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### तीसरी बार जदयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष बने उमेश सिंह कुशवाहा, निर्विरोध हुआ चुनाव



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता उमेश सिंह कुशवाहा को लगातार तीसरी बार पार्टी का बिहार प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। शुक्रवार को पटना स्थित जदयू के प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव की निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला नया एयरोड्रम लाइसेंस, जल्द होगा उद्घाटन

नोएडा ■ एजेंसी

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से हवाई उड़ान शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।शुक्रवार को जेवर एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया है। कल ही एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस मिला था।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया है। इस लाइसेंस के मिलने के बाद अब नोएडा एयरपोर्ट उड़ान के लिए तैयार है। यहां से विमानों की उड़ान और लैंडिंग शुरू की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा। उनके अनुसार उत्तर प्रदेश के




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसके उद्घाटन करने का अनुरोध कर उद्घाटन कार्यक्रम की तिथि निश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यहां से एयर इंडिया, आकाशा और इंडिगो ने अपने विमानों को उड़ान भरने के लिए समझौता किया है। उन्होंने बताया कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद इन एयरलाइंस कंपनियां यहां पर अपना स्टाफ की नियुक्तियां और अन्य तकनीकी सुविधाओं को लगाना शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए पहले से ही सीआईएसएफ और यूपी पुलिस तैनात है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए विभिन्न मार्गों और साधनों पर कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जेवर एयरपोर्ट को राज्य के सबसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया है। यह एयरपोर्ट न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक महत्वपूर्ण एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। इसके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में निवेश, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध का सातवां दिन

# अमेरिका-इजराइल के हमले से ईरान में भारी तबाही, लेबनान से भागने लगे लोग

तेहरान/लेबनान/वाशिंगटन/तेल अवीव ■ एजेंसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध का आज सातवां दिन है। इजराइल ने सारी रात ईरान की राजधानी तेहरान पर मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे कई जगह आग लग गई। तेहरान की इमारतों से इस समय भी धुआं उठ रहा है। यही हाल लेबनान की राजधानी बेरूत का है। राजधानी में दहशत है। लोग लेबनान छोड़कर भागने लगे हैं। इजराइल ने लेबनान में सारी रात हवाई हमले किए। आतंकी समूह हिजबुल्लाह को निशाना बनाया।



#### धमाकों से ईरान का आसमान चमक उठा

सीएनएन की आज दोपहर बाद प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, धमाकों से ईरान का आसमान चमक उठा है। तेहरान धुएं से भर गया है। इजराइल के एक व्यस्त शॉपिंग स्ट्रीट पर किए गए हमले से जानमाल की भारी क्षति हुई है। इजराइल ने स्वीकार किया है कि उसने लेबनान की राजधानी में पूरी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया। हमले से पहले स्थानीय निवासियों को इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की गई।

इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के उत्तराधिकारी के चयन पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस प्रक्रिया में उन्हें भी शामिल किया जाए। ट्रंप ने कहा कि गैस की बढ़ती कीमतों से अमेरिका को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भले ही युद्ध से ग्लोबल एनर्जी सप्लाई में रुकावट आ रही हो। उन्होंने कहा कि भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दे दी है।

#### ईरान के कमजोर पड़ने का दावा

द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजराइल ने कहा कि ईरान के मिसाइल हमले में काफी कमी आई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने दावा कि उनके हमलों की लहरों ने ईरान के 80 प्रतिशत एयर डिफेंस और 60 प्रतिशत मिसाइल लॉन्चर तबाह कर दिए हैं। जमीर ने कहा कि हमला अभी जारी रहेगा। जमीर ने माना कि ईरान ने मध्य इजराइल पर रात को क्लस्टर वॉरहेड दागा। इससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास हमले जारी रखने के लिए सैन्य साजो सामान का बड़ा जखीरा है। हेगसेथ ने फ्लोरिडा में सेंट्रल कमांड के मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, 'ईरान उम्मीद कर रहा है कि हम हमले जारी रख नहीं पाएंगे। यह उसकी बहुत बड़ी गलतफहमी है। हमारे भंडारण केंद्रों में हथियार भरे हुए हैं। हमारी इच्छाशक्ति मजबूत है।'

#### हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम की तलाश

द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के हमलों से भयभीत लेबनान के लोग राजधानी बेरूत छोड़कर भाग रहे हैं। दक्षिणी लेबनान, बेरूत और कुछ दूसरी जगहों पर रहे लगभग 500,000 हिजबुल्लाह समर्थकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। दक्षिणी लेबनान से 400,000 से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के गढ़ों में पिछले 24 घंटों में 26 हमले किए हैं। इससे कई शहर भूतिया नजर आने लगे हैं। आज तक इजराइली हमलों की संख्या बढ़कर 450 हो गई है। इजराइल को इस समय लेबनान में छुपे हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम की तलाश है। उसने 2024 में हसन नसरल्लाह और हशेम सफ़ीद्दीन की हत्या के बाद उनकी जगह ली थी।

अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार, महत्वपूर्ण है कि ईरान ने भी इजराइल और अमेरिक के सैन्य ठिकानों और क्षेत्र के कई देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की नई लहर शुरू कर दी। युद्ध शुरू होने के बाद अब तक ईरान में लगभग 1230 लोगों, लेबनान में 100 से ज्यादा और इजराइल में करीब एक दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। आईडीएफ ने कहा कि उसे छह ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर दिया है। यही नहीं हालिया हमलों में ईरान की तीन उन्नत रक्षा प्रणालियों को नेस्तनाबूद कर दिया। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि उसने रियाद के उत्तर-पूर्व में एक और ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया।

#### कुवैत के 67 जवान घायल

ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन लक्ष्य पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है।

### अमेरिकी सैन्य ठिकानों को लेकर बड़ा दावा, ईरान को रूस दे रहा संवेदनशील जानकारियां

**वाशिंगटन/इजरायल।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच खुफिया अधिकारियों के हवाले से दावा किया गया है कि रूस ने ईरान से अमेरिकी सैन्य ठिकानों और सैन्य प्लेटफॉर्म की संवेदनशील जानकारी साझा की है, जो क्षेत्र में चल रहे टकराव को और जटिल बना सकता है। इजरायल की समाचार एजेंसी आई24 ने अमेरिकी मीडिया के हवाले से खुलासा किया है कि पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच सैन्य संघर्ष शुरू होने के बाद से रूस ने तेहरान को पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी सैन्य गतिविधियों से जुड़ी जानकारी दी है। इसमें अमेरिकी जंगी जहाजों और सैन्य विमानों की स्थिति भी शामिल है। समाचार एजेंसी के मुताबिक खुफिया विभाग से जुड़े तीन अधिकारियों ने बताया कि यह जानकारी ईरान को अमेरिकी लक्ष्यों की पहचान में मदद करने के उद्देश्य से साझा की गई थी।

## परिवर्तन यात्रा के जरिए केंद्रीय भाजपा नेताओं ने ममता पर साधा निशाना

कोलकाता ■ एजेंसी

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा विभिन्न हिस्सों में जारी है। शुक्रवार को पार्टी नेताओं ने इस यात्रा के माध्यम से राज्य में राजनीतिक परिवर्तन, विकास और सुरक्षा के मुद्दों को उठाते हुए लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। भाजपा का कहना है कि यह यात्रा सिंडिकेट राज, भ्रष्टाचार और कट-मनी की संस्कृति के खिलाफ जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

अलीपुरद्वार संगठनात्मक जिले के कुमारग्राम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित परिवर्तन सभा में केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार, सांसद मनोज टिग्गा और सांसद डॉ. जयंत रॉय सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बंगाल के लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता देगी और पुलों, रेलमार्गों तथा सड़कों के विस्तार के माध्यम से संपर्क व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर बंगाल और डुआर्स क्षेत्र के कई चाय बागान लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे हजारों श्रमिकों की आजीविका प्रभावित हुई है। भाजपा सरकार बनने पर इन चाय बागानों को फिर से खोलने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि श्रमिकों को रोजगार मिल सके और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। मजूमदार ने कहा कि भाजपा बंगाल की सांस्कृतिक पहचान और राज्य की सुरक्षा की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता को कोई खतरा न पहुंचे।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M. P. Undertaking)
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION (SOUTH) HARDA
Phone No. : 07577-222222, E-Mail : hdampeb@gmail.com
No:/DGM/PUR/Veh./3507 Harda, Dated : 06.03.2026

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :-

| Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (In Rs.) | Due Date of Submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Office of the- Timarni DC under Harda South, Division | 01 number vehicle Type F3 :- Mini Pickup Double Cabin with ladder/any low end SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc or Equivalent. (As per Vehicle Policy) | 3000/- | 13.03.2026 up to 12.00 P.M. | 13.03.2026 at 04.00 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on Company **website https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124786/2026 **DGM (O&M)**

## ममता बनर्जी घुसपैठियों को बचाने के लिए दे रही हैं धरना : गिरिराज सिंह

कोलकाता ■ एजेंसी

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह शहर के बीचोंबीच धरना देकर अल्पसंख्यक समुदाय के घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही हैं।

एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार अब ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। उन्होंने राज्य के कुछ अधिकारियों और तृणमूल समर्थित तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने तौर-तरीके सुधार लें, अन्यथा उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे।



गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी केवल उन घुसपैठियों को बचाने में लगी हैं जो उनके वोट बैंक का बड़ा हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि एस्प्लानेड इलाके में घुसपैठियों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री का धरने पर बैठना शर्मनाक है और पिछले चुनाव में भी ऐसे लोगों की मदद से उन्हें फायदा मिला था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्य को दिए गए लगभग 15 लाख करोड़ के अनुदान का बड़ा हिस्सा तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हड़प लिया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में कई नेताओं ने साइकिल से लग्जरी चारपहिया वाहनों तक का सफर तय कर लिया और भव्य मकान बना लिए।

## तिरुवनंतपुरम में एआई रोबोट से नहर की सफाई

**नई दिल्ली।** स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के तहत तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने शहरी स्वच्छता में बड़ा कदम उठाते हुए एआई-संचालित जी-स्पाइडर रोबोट को नहरों की सफाई के लिए तैनात किया है। यह रोबोट बिना मानव हस्तक्षेप के खतरनाक और कठिन इलाकों में सुरक्षित तरीके से कचरा हटाने में सक्षम है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने बताया कि तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन के पास अमायिझंचन नहर का हिस्सा लंबे समय से सफाई के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहा है। यहां ऊंचाई कम होने, लगातार पानी बहने और सुरक्षित प्रवेश बिंदु न होने के कारण पारंपरिक तरीकों से सफाई करना बेहद कठिन था। इन चुनौतियों से निपटने के लिए स्थानीय स्वशासन मंत्री एमबी राजेश ने जी-स्पाइडर रोबोट का उद्घाटन किया।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION PIPARIYA
Phone No. : 07576-220249, E-mail : dgmpip@gmail.com

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL here by invited separate offer/rate for hiring the below mentioned type of Vehicle in the following locations :-

| Tender Specification No. | Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|
| EE/O&M// Vehicle/ 2026/5822-23 Pipariya, Dated 06.03.26 | Assistant Manager MPMKVVCL Chandone | Type Type F3 : Mini Pick up-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials,ladder, etc. or equivalent. (for single shift) (As per Vehicle Policy) | 3000/- | 12.03.2026 Up to 03:00 pm | 12.03.2026 at 3:30 pm |
| EE/O&M// Vehicle/ 2026/5824-25 Pipariya, Dated 06.03.26 | Assistant Manager MPMKVVCL Pipariya Rural North | Type Type F3 : Mini Pick up-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials,ladder, etc. or equivalent. (for single shift) (As per Vehicle Policy) | 3000/- | 12.03.2026 Up to 03:00 pm | 12.03.2026 at 3:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124785/2026 **DGM (O&M)**

### भारत की समुद्री शक्ति को मजबूत बनाने में सागरमाला और जहाज निर्माण की भूमिका अहम

**कोलकाता।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र के विकास में सागरमाला कार्यक्रम और जहाज निर्माण उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि देश की समुद्री क्षमता को मजबूत बनाकर वैश्विक व्यापार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। शुक्रवार को कोलकाता में आयोजित 'सागर संकल्प : भारत की समुद्री गौरव की पुनर्प्राप्ति' विषयक राष्ट्रीय समुद्री रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए ठाकुर ने नीति निर्माताओं, समुद्री विशेषज्ञों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से कहा कि भारत की विशाल समुद्री भौगोलिक स्थिति आर्थिक विस्तार के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारत के पास 7500 किलोमीटर से अधिक लंबी तटरेखा, लगभग 14,500 किलोमीटर नौवहन योग्य जलमार्ग और प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्गों के निकट रणनीतिक स्थिति है। इन क्षमताओं का उपयोग करते हुए देश बंदरगाह आधारित औद्योगिक विकास को आगे बढ़ा सकता है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, नर्मदापुरम (म.प्र.)**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निविदा सूचना क्र0 **09/2026/e-Tender/N.Puram** दि0 27/02/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

| स0 क्र0 | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_486357 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | जिला न्यायालय, नर्मदापुरम के व्ही0 सी0 हॉल का विद्युतीकरण सहित नवीनीकरण कार्य । | प्रथम | 5.12 | 10240/- |
| 2 | 2026_PWDRB_486358 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | सेशन हाउस, पचमढ़ी का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य । | प्रथम | 13.19 | 26380/- |
| 3 | 2026_PWDRB_486359 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | पिपरिया न्यायालय भवन में विकलांग व्यक्तियों के लिए शौचालय का निर्माण । | प्रथम | 3.196 | 6392/- |
| | | | | योग (रू0 लाख में) | | **21.51** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/03/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है । विस्तृत एन0 आई0 टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल एफ0 डी0 आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे ।

कार्यपालन यंत्री,
लो0नि0वि0 संभाग नर्मदापुरम

जी-26921/25

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
O/o OF THE CHIEF ENGINEER (GENERATION)
STPS, MPPGCL, P.O. SARNI, DISTT. BETUL (M.P.), Pin-460447, Fax : (07146) 278466, Ph.-278422

**"THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY"**

M.P. Power Generating Co. Ltd invites tenders from reputed/established Contractor/Firm only as per details given below for STPS, MPPGCL, Sarni. These Tenders are being processed through e-tendering system. For viewing detailed NIT and participating in Electronic Tenders, please visit the website **www.mptenders.gov.in**

| Tender No. | Particulars | Date & Time of Closing of Online Submission | Date & time of E-Opening of Tender |
|---|---|---|---|
| PT-5078/ TID-2025_ MPPGC_ 469794-2 | Procurement of HT Bolt, Nut and Cap Screw for AOH of Boiler of PH-IV and various sizes of HT Bolt for AHP-IV, STPS, Sarni | 13.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 18.03.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| PT-4490/ TID-2023_ MPPGC_ 317823-5 | Procurement of Ash Slurry Density Meter installed in Silo Area at AHP for IMD-IV, STPS, Sarni | 07.04.2026 Up to 15:00 Hrs. | 09.04.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| CWT-5097/ TID-2026_ MPPGC_ 476128 | Providing the WBM approach road from existing partition bund to hillock through compartment "C" pond of 373 hectare ash dyke for laying and maintenance of Ash pipeline at MPPGCL, STPS, Sarni | 23.03.2026 Up to 15:00 hrs. | 25.03.2026 from 17:30 hrs. onwards |

**"Save Energy and for free Fly Ash supply, Contract No." 9425611078**
M.P Madhyam/124782/2026 **SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**

## सदर बाजार में सनसनी

# दादी के घर रह रही नाबालिग ने दी जान, गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



शहर के सदर बाजार क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपनी दादी के पास रहती थी। सुबह जब दादी की नजर उस पर पड़ी, तो वह फंदे पर लटकी मिली। इस घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर फॉरेंसिक अधिकारी भी पहुंचे और सूक्ष्मता से जांच की गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल आत्महत्या का कोई ठोस कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नाबालिग ने यह कदम क्यों उठाया।

## भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आधुनिक पीढ़ी तक पहुंचाने के संकल्प के साथ

# समेरिटंस विद्यालय परिवार ने 'सनातन कैलेंडर' का प्रकाशन किया

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आधुनिक पीढ़ी तक पहुँचाने के संकल्प के साथ, स्थानीय समेरिटंस विद्यालय परिवार ने लगातार तीसरे वर्ष अपने विशेष 'सनातन कैलेंडर' का प्रकाशन किया है। शुक्रवार को आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में नर्मदापुरम के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम मोहन चौकसे द्वारा इस पत्रक का विधिवत लोकार्पण किया गया।

**प्रमुख बिंदु: क्यों खास है यह कैलेंडर?**

यह कैलेंडर प्रचलित अंग्रेजी तारीखों के बजाय पूरी तरह भारतीय ज्योतिषीय गणनाओं पर केंद्रित है। इसकी कुछ विशिष्टताएँ इस प्रकार हैं।

**तिथियों पर आधारित:** इसमें नक्षत्रों, सनातनी महीनों और तिथियों को प्राथमिकता दी गई है।

**नया वर्ष चक्र:** इस कैलेंडर का नववर्ष 19 मार्च (चैत्र प्रतिपदा) से शुरू होकर अगले वर्ष चैत्र अमावस्या तक चलेगा।

**संस्कृति का संरक्षण:** समेरिटंस ग्रुप के संचालक डॉ. आशुतोष शर्मा की इस पहल का उद्देश्य सनातन मूल्यों का संवर्धन करना है।

**विशेषज्ञों की राय:** 'डॉ. शर्मा का यह प्रयास अनुकरणीय है। जिस भारतीय ज्ञान परंपरा को मुख्यधारा में लाने की योजनाएँ आज सरकार बना रही है, उसे यह संस्थान वर्षों से व्यवहार में ला रहा है।'

**– डॉ. राम मोहन चौकसे, प्राचार्य, NMV**

**साहित्यकार प्रमोद शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह संभवत:** क्षेत्र का एकमात्र ऐसा प्रयास है जो विशुद्ध भारतीय गणना पद्धति को जीवंत करता है।

कार्यक्रम का कुशल संचालन कला शिक्षक राजेश व्यास ने किया, जबकि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विक्रांत खम्परिया, राजेंद्र रघुवंशी और सचिन खम्परिया सहित विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ और उत्साही विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मालवीय परिवार की वरिष्ठ मातृशक्ति श्रीमती कांति देवी का निधन

**नर्मदापुरम।** शहर के व्यापारिक जगत और मालवीय समाज के लिए आज का दिन अत्यंत पीड़ादायक रहा। सदर बाजार स्थित सुप्रसिद्ध



'ओम किराना स्टोर' के संचालक मालवीय परिवार की आधार स्तंभ, श्रीमती कांति मालवीय का शुक्रवार तड़के 1:00 बजे 92 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कांति देवी जी अपने पीछे एक भरा-पूरा और सुशिक्षित परिवार छोड़ गई हैं, जिनमें उनके पुत्र राजेश, रमेश, उमेश, और ओम नारायण मालवीय सहित प्रपौत्रों की लंबी श्रृंखला शामिल है। समाज के लोगों का कहना है कि वे केवल एक वरिष्ठ महिला नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रतिमूर्ति थीं। उनके धार्मिक स्वभाव और सौम्य व्यवहार के कारण उन्हें समाज में 'माताजी' का दर्जा प्राप्त था।

### पुराने विवाद को लेकर डंडे और राड से किया हमला, तीन के सिर फूटे

**नर्मदा पुरम।** शहर के समीपस्थ रामपुर गुर्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलारी में दो पक्षों में पुराने विवाद को लेकर जमकर झगड़ा हो गया। बुधवार शाम को हुए इस विवाद में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर डंडे, राड से हमला कर दिया जिससे लगभग 10 लोग घायल हो गए। तीन के सिर फूट गए जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में एडमिट कराया गया है। बताया जाता है कि उनके सिर में गंभीर चोट आई है। घटना से अफरा तफरी का माहौल हो गया। इसको लेकर प्रेम नारायण पथोरिया ने नरेंद्र, राजेंद्र छुटकी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वहीं नरेंद्र ने भी मामला दर्ज कराया। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विपिन पाल ने बताया कि पुलिस मामले की जांच की जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जल्द आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### होली खेलने की बात को लेकर जमकर विवाद, चोरी कर ले गए एक्टिवा

**नर्मदा पुरम।** शहर में होली खेलने की बात को लेकर जमकर विवाद हो गया। दो पक्षों में बात मारपीट तक पहुंच गई। इसके साथ ही क्रिकेट खेलने की बात को लेकर भी झगड़ा हो गया। वहीं राजा मोहल्ले बोहरा मस्जिद के पास से बदमाशों ने एक एक्टिवा चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सेठ गुरु प्रसाद स्कूल के पास सुरेंद्र के साथ विकास संतोरे ने होली की बात को लेकर विवाद किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं संजय नगर ग्वालटोली में अनुकल्प के साथ यश झा का क्रिकेट खेलने को लेकर झगड़ा हो गया। इसके साथ ही राजमोहन राय स्थित बहम मस्जिद के पास से बदमाश होने एक एक्टिवा एमपी 05 जेडसी 5153 चोरी कर ले गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

## वापस नगर आगमन पर हुआ पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी का भव्य स्वागत

# 121 दिन की नर्मदा परिक्रमा खोकसर से पैदल चलकर की 3400 किलोमीटर की यात्रा

सिवनी मालवा ■ निसं



पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी ने 121 दिनों की नर्मदा परिक्रमा नर्मदा तट ग्राम खोकसर से पैदल 3400 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर वापस नगर आगमन पर नगर वासियों के द्वारा जगह-जगह पुष्पा मालाओं और शाल श्रीफल भेंट कर पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी का भव्य स्वागत किया।

गुरुवार को ग्राम खोकसर में यात्रा पूर्ण कर नगर से ओंकारेश्वर जाते समय नगर मे जगह जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। ओम रघुवंशी ने 5 नवंबर 2025 को नर्मदा तट खोकसर से अपनी नर्मदा परिक्रमा यात्रा प्रारंभ की थी। 5 मार्च को वापस खोकसर पहुंचकर उन्होंने विधि-विधान से अपनी नर्मदा परिक्रमा यात्रा का समापन किया।

**121 दिन मे नर्मदा परिक्रमा के दौरान 3400 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा:** पूर्व विधायक ने लगभग 3400 किलोमीटर की दूरी 121 दिनो मे नर्मदा किनारे पैदल चलकर तय की। इस दौरान उन्होंने नर्मदा नदी को अपनी दाहिनी ओर रखते हुए दोनों तटों के किनारे-किनारे प्रदक्षिणा की। ओम रघुवंशी ने बताया कि उन्हे अपनी नर्मदा पद यात्रा के दौरान कई तरह के अनुभवो के साथ विभिन्न क्षेत्रों में संतों के दर्शन के साथ आशीर्वाद और स्थानीय लोगों की अपार श्रद्धा और प्यार देखने को मिला है उन्होंने बताया कि पदयात्रा के दौरान माँ नर्मदा के आशीर्वाद से कही कोई तकलीफ और कोई विघ्न नही आया हर जगह लोगो का प्यार और आशीर्वाद मिला है। लोगो की माँ नर्मदा मे पूर्ण आस्था और विश्वास है। जिसके कारण श्रद्धालुओ को उनका आशीर्वाद मिलता है।

**बानापुरा से संकटमोचन मंदिर तक भव्य स्वागत:** पूर्व विधायक ओम रघुवंशी के नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर ग्राम खोकसर से ओंकारेश्वर जाते समय नगर आगमन पर उपनगरी बानापुरा, आस्था क्लब और सांसद कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे पैदल ही संकटमोचन हनुमान मंदिर तक पहुँचे। रास्ते भर समर्थकों और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। न्यायालय परिसर के बाहर अधिवक्ता संघ ने पुष्प वर्षा कर और फूल माला, शाल श्री फल भेट कर स्वागत किया जय स्तंभ चौक के पास राठौर समाज सिवनी मालवा एवं रणछोड़ जी टेस्ट के सदस्यों के द्वारा शाल श्रीफल पुष्प हार और पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत सम्मान किया। नर्मदा मंदिर चौक पर नर्मदा मंदिर समिति एवं व्यापारियों ने ओम रघुवंशी का स्वागत फूल मालाओ, शाल श्री फल भेंट कर किया। इसके बाद श्री रघुवंशी संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पूजा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया

**ओंकारेश्वर में जल अर्पित कर होगा समापन:** परिक्रमा के नियमों के अनुसार, विधायक ओम रघुवंशी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जाएंगे। वहां वे भगवान शिव के चरणों में नर्मदा जल अर्पित कर अपनी धार्मिक यात्रा को पूर्ण करेंगे। सैकड़ों की संख्या में समर्थक उनके स्वागत के लिए खोकसर तट और उनके निवास पर एकत्रित हुए थे।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार पायलट योजना शुरू

## कैशलेस योजना का उठाएं लाभ-पुलिस

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन




सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने तथा घायलों को त्वरित और संवेदनशील चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162 के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कैशलेस उपचार पायलट योजना 13 फरवरी से प्रारंभ की गई है। भारत में किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से हुई दुर्घटना के वे सभी पीड़ित, जिन्हें आघात या बहु-आघात उपचार की आवश्यकता है, इस योजना के अंतर्गत कैशलेस उपचार के पात्र हैं।

**योजना के प्रमुख लाभ:** अधिकतम 7 दिन तक अस्पताल में भर्ती उपचार या अधिकतम 1,50,000 तक का कैशलेस उपचार। जैसे ही घायल व्यक्ति को सूचीबद्ध अस्पताल में लाया जाता है, उसका उपचार तुरंत प्रारंभ कर दिया जाएगा।

शासकीय अस्पताल जिला चिकित्सालय, नर्मदापुरम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय, इटारसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र - पिपरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचमढ़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोलरिया में इलाज होगा। वहीं निजी अस्पताल में ग्लोबल हॉस्पिटल, नर्मदापुरम

अनंत हॉस्पिटल, नर्मदापुरम, मीना फ्रैक्चर हॉस्पिटल, नर्मदापुरम, अपना नर्मदा अस्पताल, नर्मदापुरम, न्यू पांडे नर्सिंग होम, नर्मदापुरम, संजीवनी नर्सिंग होम, नर्मदापुरम, दुबे अस्पताल, इटारसी, दयाल अस्पताल, इटारसी, भोपाल केयर हॉस्पिटल, सिवनी मालवा शामिल हैं। वहीं पुलिस नागरिकों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना में घायलों की तत्काल सहायता करें। घायल को नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल तक पहुंचाकर आप एक 'राहवीर' बन सकते हैं। सरकार राहगीरों को सम्मान एवं प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करेगी।

# जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का भव्य आयोजन

सिवनी मालवा ■ निसं

स्थानीय शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा कल्याण विभाग के सामंजस्य से महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ 2026 के युवा संसद 'आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के सबक विषय पर केंद्रित था'। कार्यक्रम में क्षत्रिय सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक प्रेम शंकर वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रितेश जैन उपस्थित रहे द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि 2026 की युवा सांसद जो मुख्य रूप से विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर केंद्रित है 2026 युवा संसद के लिए जिले के विभिन्न भारत युवा संसद का जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व करेंगे इसमें से सर्वश्रेष्ठ 10 छात्र छात्राओं को विधानसभा में आगामी होने वाली युवा संसद में भाषण देने का अवसर प्राप्त होगा द्य विकसित भारत युवा संसद युवाओं को राष्ट्रीय चर्चाओं में भाग लेने और 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को आकार देने का मंच प्रदान करती है। यह नेतृत्व, नागरिक भागीदारी और नीतिगत चर्चाओं को बढ़ावा देती है, जिससे छात्रों को प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने में मदद मिलती है।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी* के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047' के विजन और आपातकाल के 50 वर्षों के सबक पर केंद्रित युवा संसद (2025-2026) का आयोजन माय भारत द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना और युवाओं को राष्ट्रीय विकास (2047 तक) के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन लोकतंत्र के काले दिनों से सबक लेकर एक जीवंत, विकसित और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करता है। लोकतंत्र के लिए आपातकाल से सबक इस बात पर जोर दिया गया कि 50 साल पहले लगे आपातकाल से सीख लेकर भविष्य में तानाशाही प्रवृत्तियों को रोकना और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है द्य *विधायक महोदय श्री प्रेम शंकर वर्मा* ने विद्यार्थियों को आपातकाल के बारे में विस्तार से अवगत करवाया ओर बताया कि और सहभागी लोकतंत्र के माध्यम से एक सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करता है द्य इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा की भूमिका तय करता है कि नीतिगत संवाद और जागरूक भागीदारी के माध्यम से शिक्षा नवाचार सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करेंगे। रितेश जैन अध्यक्ष नगर पालिका* ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवा शक्ति को एक मंच प्रदान करती है जिसके माध्यम से वह अपनी बात समाज और देश के समक्ष रख सके। जिसके माध्यम से हमारा समाज और राष्ट्र दीक्षित भारत 2047 की और अग्रसर होगा।

### इटारसी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**इटारसी।** सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 से 10 मार्च 2026 तक 'नारी हर क्षेत्र में अग्रणी' थीम पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 6 मार्च को महिला एवं बाल विकास परियोजना इटारसी के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। जीवोदय संस्था इटारसी में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्पोर्ट्स कौशल विकास नर्मदापुरम की श्रीमती आरती शर्मा के सहयोग से सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को विभिन्न परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे करें, इसके बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

# 12 मार्च से शुरू होगा पहले सावे का गणगौर उत्सव रतवाड़ा में सज रहा भव्य पंडाल

सिवनी मालवा ■ निसं

ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरा और संस्कृति को सहेजते हुए उत्सव को आज भी बडे ही उत्सव के साथ मनाए जाते हैं होली के बाद गणगौर उत्सव भव्य और अनुशासित रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है! 12 मार्च से पहले सावे का गणगौर उत्सव विधिवत प्रारंभ होगा। परंपरा के अनुसार होलीं दहन स्थल के पास से खड़े लाकर उत्सव की शुरआत हो जाएगी। ग्राम रतवाड़ा में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजक श्री मति लक्ष्मीबाई, शंकर सिंह राजपूत, सत्यनारायण सिंह राजपूत समेत समस्त रतवाडा ग्रामवासीओं द्वारा आकर्षक पंडाल सजाए जा रहे हैं। रंग- बिरंगी विद्युत सज्जा, पारंपरिक झांकियां और भव्य मंच निर्माण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। गांवों की गलियों में भी सजावट नजर आ रही है। कई युवा युवतियां गणगौर की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। 12 मार्च दिन गुरुवार (चैत्र कृष्ण नवमी) खड़ारखना एवं स्थापना

20 मार्च दिन शुक्रवार प्रसादी भंडारा एवं विसर्जन जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी! दिन के समय महिलाएं पाती खेलने का आयोजन परिवारों के यहां पहुंचती हैं और पारंपरिक गीतों के साथ उत्सव का आनंद लेते हैं। पंडालों में गणगौर मंडली की उपस्थितियां देर रात तक चलती है जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचते हैं।

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित, लोकप्रिय
दैनिक
अमृत दर्शन
अब इंदौर में भी उपलब्ध
प्रवीण साहू
मोबाईल नं. :- 8815555243
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कार्यालय पता :-
युग प्रभात कॉम्पलेक्स, 10 प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड़, इन्दौर (म.प्र.) 452018
हेड ऑफिस भोपाल : 6, पत्रकार कॉलोनी
मो. 9425004990

# बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, 'फिट इंडिया वूमेन वीक' का शंखनाद

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के पावन अवसर पर भारत सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए, स्थानीय शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में तीन दिवसीय 'फिट इंडिया वूमेन वीक' का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। 6 से 8 मार्च तक चलने वाले इस विशेष आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना है।

**कराटे कोच ने सिखाए आत्मरक्षा के गुर:** आयोजन के प्रथम दिन, शुक्रवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की प्रतिष्ठित कराटे प्रशिक्षिका रोशनी सोनकर ने छात्राओं के लिए विशेष 'सेल्फ डिफेंस' सत्र आयोजित किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में हमलावर का सामना करने की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। उन्हें सिखाया गया कि कैसे अपनी सूझबूझ और फुर्ती से वे अपनी सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित कर सकती हैं।

**नेतृत्व और मार्गदर्शन:** यह पूरा आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने एवं सुश्री पूजा गोस्वामी का सक्रिय सहयोग रहा।

आज के दौर में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का कौशल महज एक विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता है। ऐसे प्रशिक्षणों से न केवल उनका व्यक्तित्व निखरता है, बल्कि उनमें विषम परिस्थितियों से लोहा लेने का साहस भी पैदा होता है।'

**– डॉ. कामिनी जैन, प्राचार्य**

डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल और व्यायाम से छात्राओं में अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो उनके भविष्य के लिए नींव का काम करेगा।

- डॉ. हर्षा चचाने के अनुसार, महिलाओं का सशक्तिकरण तभी पूर्ण होगा जब वे शारीरिक रूप से मजबूत और सामाजिक रूप से जागरूक होंगी।
- 8 मार्च तक चलने वाले इस सप्ताह में अभी कई अन्य गतिविधियों की श्रृंखला शेष है, जिनमें:
- योगाभ्यास एवं प्राणायाम
- साइकिलिंग फॉर हेल्थ (साइकिल रैली)
- विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

यह आयोजन छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के साथ-साथ उन्हें एक सशक्त नागरिक बनाने की दिशा में महाविद्यालय का एक सराहनीय कदम है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाकपंजीयन -MP/HSD04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।